


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25






# प्रयागराज महाकुंभ 2025 : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगाई आस्था की डुबकी

## भगवा वस्त्र, हाथ-गले में रुद्राक्ष की माला धारण कर सूर्य को अर्घ्य दिया; मां गंगा को साड़ी चढ़ाई



श्रीकंचनपथ न्यूज

**प्रयागराज ए.।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज में संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने भगवा रंग के वस्त्र पहन रखे थे। हाथ और गले में रुद्राक्ष की मालाएं थीं। मंत्रोच्चार के बीच मोदी ने अकेले ही संगम में डुबकी लगाई। स्नान के बाद पीएम ने सूर्य को अर्घ्य दिया। करीब 5 मिनट तक मंत्र का जाप करते हुए सूर्य पूजा की। संगम नोज पर गंगा पूजन किया। मां गंगा को दूध अर्पित किया, साड़ी चढ़ाई।

महाकुंभ में श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, इसलिए पीएम ने कार्यक्रम बेहद सीमित रखा। वह करीब दो घंटे प्रयागराज में रहे। उन्होंने किसी से मुलाकात नहीं की। यहां तक की दोनों डिप्टी सीएम भी बमरौली एयरपोर्ट पर ही रहे। मोदी का विमान सुबह करीब 10.30 बजे दिल्ली से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचा। यहां सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से पीएम डीपीएस के हेलिपैड पहुंचे। यहां से उनका काफिला अरैल के वीआईपी घाट पहुंचा। वहां से सीएम योगी के साथ बोट से संगम पहुंचे। मोदी गंगा पूजन के बाद सीधे बोट से अरैल घाट पहुंचे। वहां से वह वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गए। मोदी के संगम स्नान के दौरान सीएम योगी भी साथ रहे।

पीएम मोदी के दौरे को देखते हुए मेले की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। संगम क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स भी तैनात की गई। 54 दिन में पीएम मोदी का महाकुंभ का दूसरा दौरा है। इससे पहले वे 13 दिसंबर को यहां आए थे।

### गुप्त नवरात्रि की अष्टमी तिथि, विशेष माना जाता है यह दिन

हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल 5 फरवरी को माघ मास की गुप्त नवरात्रि की अष्टमी तिथि है। इस दिन का धार्मिक महत्व अत्यंत विशेष माना जाता है, क्योंकि इसे ध्यान, तप और साधना के लिए अत्यंत शुभ तिथि माना गया है। मान्यता है कि जो व्यक्ति इस दिन पवित्र नदी में स्नान करता है और साधना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी दौरान केसरिया वस्त्र धारण कर प्रधानमनंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई।

### पीएम मोदी बोले-मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पवित्र संगम में स्नान करने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि- महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा-अर्चना का परम सौभाग्य मिला। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। महाकुंभ में आस्था, भक्ति और अध्यात्म का संगम हर किसी को अभिभूत कर रहा है।

## खास-खबर



### गृहमंत्री अमित शाह कल आएंगे छत्तीसगढ़, चंद्रगिरी तीर्थ में विश्व शांति महायज्ञ में होंगे शामिल

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल यानी छह फरवरी को छत्तीसगढ़ दौरा में रहेंगे। इस दौरान वे चंद्रगिरी तीर्थ में आयोजित विश्व शांति महायज्ञ में समेत कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री शाह गुरुवार को दिल्ली से रायपुर एयरपोर्ट दोपहर 12:25 बजे पहुंचेंगे। इसके बाद वे हेलीकॉप्टर से प्रज्ञागिरी डोगरगढ़ हैलीपैड आएंगे। वहां से सड़क मार्ग से चंद्रगिरी तीर्थ के लिए रवाना होंगे।

केंद्रीय मंत्री शाह चंद्रगिरी तीर्थ में दोपहर 1:10 बजे पधारेंगे। जहां वे विभिन्न कार्यक्रम के तहत आचार्य गुरुवर विद्यासागर महामुनिराज के प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव व श्री 1008 सिद्धचक्र विधान विश्व शांति महायज्ञ में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 2:10 बजे से 2:40 बजे तक अमित शाह विद्यायतन समाधि स्मारक चन्द्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ में आयोजित विनयांजलि समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद गृह मंत्री शाह सड़क मार्ग से दोपहर 2:50 बजे छोटी बमलेश्वरी माता मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। फिर वे प्रज्ञागिरी डोगरगढ़ से अपराह्न 3:45 बजे पर माना रायपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे, जहां केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बिलासपुर-तिरुपति एवं हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस का इन स्टेशनों में अतिरिक्त ठहराव

**बिलासपुर।** रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये छत्तीसगढ़ गुजरने वाली गाड़ी संख्या 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस का दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल के चिन्नगंजाम स्टेशन में 3 फरवरी 2025 तक एवं गाड़ी संख्या हैदराबाद-रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस का दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के पेद्दपल्ली स्टेशन में 8 फरवरी 2025 तक प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। अब बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस का चिन्नगंजाम स्टेशन में ठहराव आगामी 6 माह तक जारी रहेगा। हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस का 6 फरवरी 2025 से एवं रक्सौल- हैदराबाद एक्सप्रेस का 9 फरवरी 2025 से आगामी 6 माह तक पेद्दपल्ली स्टेशन में ठहराव की सुविधा जारी रहेगी।

## नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र

# महिलाओं पर फोकस, सुरक्षा के लिए स्कूल-कॉलेजों और चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का वादा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में शहर की जनता से ढेर सारे वादे किए। जिस निकाय में भी कांग्रेस की सरकार बनेगी वहां इन वादों को पूरा किया जाएगा। नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने आज राजीव भवन रायपुर में घोषणा पत्र जारी किया, जिसका नाम जन घोषणा पत्र दिया गया है. कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कन्या विवाह पर सामूदायिक भवन नि:शुल्क देने, स्कूली और कॉलेज छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी नैपकीन देने से लेकर स्कूल-कॉलेजों और चौक-चौराहों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का वादा किया है।



बता दें नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने पहले ही अटल विश्वास पत्र जारी किया। भाजपा के बाद कांग्रेस ने अपना घोषण पत्र जारी किया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि निकायों में तालाबों का संरक्षण, सौन्दर्यीकरण की विशेष पहल की जाएगी। घाटों और तालाबों में महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे। शहरी व्यापारिक क्षेत्रों में महिला टॉयलेट की व्यवस्था की जाएगी। सर्व-सुविधायुक्त ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा के लिए पार्किंग और चार्जिंग की व्यवस्था। निगमों के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा।

### श्रद्धांजलि राशि योजना की राशि 2000 से बढ़ाकर 5000 करेंगे

कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि महिला व बालिकाओं की सुरक्षा की दृष्टि से सभी चौक-चौराहों और स्कूल-कॉलेज के पास में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। बीपीएल कार्डधारियों के लिए श्रद्धांजलि राशि योजना की राशि 2000 से बढ़ाकर 5000 करेंगे। सम्पत्तिकर, समेकितकर और जल उपभोक्ता शुल्क का घर बैठे भुगतान की सुविधा दी जाएगी। अगले 6 माह में जहां-जहां ऑनलाइन भवन अनुज्ञा की सुविधा नहीं है वहां ऑनलाइन की सुविधा दी जाएगी। मकान आबंटन प्रक्रिया को और सरलीकृत और पारदर्शी करते हुए सभी आवासहीनों को पात्रतानुसार मकान दिया जाएगा।

### सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी खोली जाएगी

कांग्रेस ने कहा है कि सभी निकाय में स्टूडेंट्स के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने सर्व-सुविधायुक्त फ्री लायब्रेरी खोला जाएगा। सभी वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मी की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। निकायों में दशगात्र, बेटी विवाह जैसे अन्य कार्यक्रमों में पानी टैंकर नि:शुल्क मिलेगा। यूजर चार्ज का युक्ती-युक्तकरण किया जायेगा। शहर को धुल मुक्त बनाने आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पौनी-पसारी योजना में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और स्थान को सर्व सुविधायुक्त बनाया जाएगा। ठेला व्यवसायियों को संरक्षण दिया जाएगा और वार्डों के प्रमुख स्थानों पर वेंडिग-जोन चिन्हांकित कर व्यवसाय के लिए जगह दी जाएगी।

### सामुदायिक भवन की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा देंगे

सामुदायिक भवन की ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम लागू करेंगे। शासकीय भूमि पर काबिज भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि धारण करने अधिकार दिया जाएगा। सभी को पात्रतानुसार पेंशन सुविधा मिले ये सुनिश्चित किया जाएगा। जन्म-मृत्यु एवं मैरिज सर्टिफिक्रेट घर पहुंच सुविधा शुरू की जाएगी। युवाओं को रोजगार देने के लिये सभी निकाय क्षेत्रों में यूथ हब बनाया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा प्रदान करेंगे। संपत्तिकर की राशि नियमित समयावधि पर भुगतान करने पर विशेष छूट दी जाएगी। सभी नगर निगमों में पत्रकारों के लिए हाईटेक रेस्ट रूम बनाया जायेगा। प्रत्येक वार्ड में सब्जी बाजार बनाया जायेगा। शहर को आवारा पशुओं से मुक्ति दिलाई जाएगी।

## 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी अरुण देव गौतम बने छत्तीसगढ़ के कार्यवाहक डीजीपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने मंगलवार को 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी अरुण देव गौतम को कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया। गौतम 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अशोक जुनेजा का स्थान लेंगे, जो सोमवार को डीजीपी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।

गृह विभाग के आदेशानुसार होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा के महानिदेशक अरुण देव गौतम जिनके पास लोक अभियोजन निदेशक का अतिरिक्त प्रभार है उनको अस्थायी रूप से डीजीपी का प्रभार सौंपा गया है। अगले आदेश तक वे मौजूदा विभागों को संभालते रहेंगे। बता दें अशोक जुनेजा को 11 नवंबर 2021 को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया था और उन्हें 5 अगस्त, 2022 को पूर्णकालिक रूप से इस पद पर नियुक्त किया गया था। उन्हें पिछले साल अगस्त में सेवानिवृत्त होना था, लेकिन राज्य सरकार ने उन्हें छह महीने का विस्तार दिया था।

### अनुभवी आईपीएस अधिकारी हैं अरुण देव गौतम



अरुण देव गौतम अनुभवी आईपीएस अधिकारी हैं। वो छत्तीसगढ़ पुलिस में कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। वे अपने सख्त प्रशासन कार्यवाही और अपराध नियंत्रण करने के लिए जाने पहचाने जाते हैं। मौजूदा दौर में उनकी प्राथमिकता राज्य में क्राइम को कम करना, कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना और पुलिसिंग सुधार होंगे। डीजीपी के पद पर पूर्ण नियुक्ति से पहले आईपीएस अरुण देव गौतम को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि नए डीजीपी के नाम पर केंद्र सरकार से मुहर लगने के बाद औपचारिक तौर पर नए डीजीपी की घोषणा की जाएगी। ऐसे में माना जा सकता है कि पूर्णकालिक डीजीपी के तौर उनकी ताजपोशी होगी।

## एटीएम फ्रॉड का नया तरीका : दुर्ग में शातिरों ने बीएसएफ के एएसआई को किया टारगेट, कार्ड लेकर की ठगी

### मोहन नगर थाना क्षेत्र का मामला, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एटीएम में रुपए निकाल रहे हैं तो सावधान हो जाएं, क्योंकि शातिरों ने एटीएम फ्रॉड का एक नया तरीका निकाल लिया है। दरअसल मोहन नगर थाना क्षेत्र में बीएसएफके एएसआई को दो शातिरों ने गुमराह कर उसका एटीएम हड़प लिया। जब तक बीएसफ का जवान समझ पाता उसके खाते से 19 हजार 400 रुपए निकल गए। इस मामले में बीएसएफके एएसआई की शिकायत मोहन नगर पुलिस ने धारा 318(4),3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बीएसएफ में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक दिनेश पाल सिह ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उसने अपनी शिकायत में बताया कि वर्तमान में उसकी ड्यूटी रेल्वे स्टेशन दुर्ग मे लगी है। 3 फरवरी की सुबह करीबन 8 बजे उसने दीपक नगर स्थित एसबीआई से 4000 रुपए निकाले। इसके बाद दोबारा 10.10 बजे उसी एटीएम में रुपए निकालने पहुंचा तो उसके पीछे दो शख्स खड़े थे। दिनेश पाल ने दो हजार रुपए निकाले और इस दौरान एटीएम फंस गया। काफी निकालने के बाद भी एटीएम नहीं निकला।

इस पर पीछे खडे व्यक्ति ने कहा कि एटीएम मशीन के उपर जो नंबर लिखा है उससे बात कर लो वह गार्ड का नंबर है। इसके बाद दिनेश पाल ने उक्त नंबर पर कॉल किया तो सामने वाले कहा कि आप पहले इंटर बटन दबा कर अपना पिन नंबर डालो जिससे आपका कार्ड निकालने का आप्सन आयेगा फिर उसने वैसा ही किया तब भी कार्ड मशीन से बाहर नही निकला। इसके बाद उसने फिर से उसी नंबर पर कॉल किया तो सामने वाले कहा कि 12.30 बजे एटीएम गाडी आएगी तो कार्ड मिल जाएगा।

### एटीएम पहुंचा तो नहीं मिला कार्ड

यह सुनने के बाद दिनेश पाल वहां से चला गया। बाद में जब वह फिर से एटीएम में अपना कार्ड लेने पहुंचा तो मशीन में कार्ड नहीं था और वह शख्स भी नहीं था। यही नहीं एटीएम मशीन के ऊपर जो नंबर लिखा हुआ स्टीकर लगा था वह भी निकाल लिया गया। इसके बाद खाता चेक करने पर 10,000 रुपय एवं 9400 रुपए निकाल लिए गए। सेक्टर 1 के स्टेट बैंक शाखा में जाकर पता लगाने पर अधिकारियों ने बताया कि उक्त रुपए साइंस कालेज एटीएम से निकाले गए हैं। इसके बाद एएसआई को समझ में आ गया कि दोनों ने पूरी साजिश के तहत उसे फंसाया और उसके एटीएम से रुपए निकाल लिए। अब पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## हर बात के लिए पश्चिम को दोष देना ठीक नहीं

श्रीकंचनपथ




'ब्लेम गेम' 21वीं सदी का सबसे बड़ा खेल है। दोषारोपण करने वाले को लगता है कि उसने किसी और पर किये-धरे का ठीकरा फोड़ दिया तो खुद महान हो गया। पर ऐसा नहीं है। यह कमजोरी के लक्षण हैं। ऐसा घर-घर में होता है। बेटा होनहार हुआ तो माता और पिता दोनों ही इसका श्रेय लेते हैं। बच्चा आवारा-बदचलन हो गया तो इसकी जिम्मेदारी वे एक दूसरे के मत्थे मढ़ने की कोशिश करते हैं। संस्कृति के झंडाबरदारों को ऐसा लगता है कि समाज में आ रहे परिवर्तन के लिए वे पश्चिम को दोष देकर कोई महान काम कर रहे हैं। दरअसल, वो रेत में सिर देकर दुनिया से छिपने की कोशिश कर रहे हैं। उनका पूरा शरीर दुनिया के सामने है। दुनिया तो यह सोचकर हैरान है कि वह रेत में सिर देकर आखिर ढूंढ क्या रहे हैं। चिंतन के एक बड़े ठेकेदार ने कहा कि देश में अलग-अलग तरीकों से पश्चिमी उदारवादी विचारों का प्रभाव बढ़ रहा है। इससे देश की सांस्कृतिक पहचान को खतरा पैदा हो रहा है। उन्होंने लोगों से इस खतरे को रोकने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक बार नई जेनरेशन के दिमाग में पश्चिमी विचारधारा घर कर गयी, तो यह जनरेशन बर्बाद हो जाएगी। सबसे पहले तो नई पीढ़ी की अवधारणा को समझना होगा। नई पीढ़ी मतलब कौन? आधुनिक दुनिया में पीढ़ियों को बांट कर उन्हें नाम दे दिया गया है। इसकी शुरुआत 1901 से की गई है। 1901-1927 के बीच जन्मे लोगों को महान पीढ़ी या ग्रेटेस्ट जनरेशन कहा गया। इसके बाद एक पीढ़ी खामोशी में गुजर गई। इनमें 1928-1945 के बीच जन्म लेने वाले शामिल थे। 1946-1964 के बीच जन्म लेने वाली पीढ़ी बेबी ब्लूमर कहलाई। 1965 से 1980 के बीच जन्म लेने वालों को जनरेशन एक्स कहा गया। 1981 से 1996 के बीच पैदा हुए लोग मिलेनियल्स तो 1997 से 2009 के बीच जन्म लेने वाले जनरेशन जेड कहलाते हैं। 2010 से 2024 के बीच जनरेशन अल्फा का जन्म हुआ तो अब जनरेशन बीटा के बच्चे जन्म ले रहे हैं। इनमें से किस जनरेशन की बात हो रही है, कहना मुश्किल है। वैसे परिवर्तन सृष्टि का नियम है। नदी, पहाड़, जलवायु सभी परिवर्तनशील हैं। वनवासी जब जंगल से निकल कर शहर आता है तो कपड़े पहन लेता है। शिक्षा और सुविधाएं बढ़ती हैं तो उसकी जीवनशैली भी बदलती है। क्या हम ऐसी विचारधारा का समर्थन कर सकते हैं जो यह मानता हो कि जंगल के लोगों को हमेशा लंगोटी में ही रहना चाहिए? क्या हम चाहेंगे कि तमाम डिग्रियां लेने के बाद भी लोग ग्रहों को टेलीस्कोप से देखने की बजाय मंदिरों में ढूंढें? क्या हम बीमारियों को अब भी पाप की सजा मानते रहेंगे? आस्था इंसान को सभ्य बनाती है पर आस्था का कंबल ओढ़कर सत्य की खोज नहीं की जा सकती। सत्य सवाल पूछता और जवाब ढूंढता है। यही विज्ञान सम्मत भी है।



## संपादकीय

# साय सरकार पिछली सरकार से कुछ अलग तो है

राजनीति में विपक्ष का काम होता है कि जनता को यह बताते रहना कि सत्तारूढ़ दल हर मामले असफल है, अपराध व भ्रष्टाचार बढ़ने के कारण जनता उससे नाराज है।सरकार को जिस उम्मीद से जनता ने चुना था, वह उम्मीदें पूरी नहीं हुई हैं। सरकार से सभी वर्ग के लोग निराश हैं। निकाय चुनाव में दोषपूर्ण आरक्षण से ओबीसी नाराज हैं,सरकार ने किसानों को 3100 रुपए एकमुश्त नहीं दिया,केंद्र सरकार द्वारा घोषित धान का समर्थन मूल्य 112 रुपए नहीं मिलने से किसान नाराज हैं, लोहारीडीह मामले में 169 से अधिक बेगुनाह लोगों पर फर्जी मुकदमा कर जेल में डाला गया है, बलौदाबाजार हिंसा मामले में सतनामी समाज के युवाओं के साथ विपक्ष के नेताओं को षड़यंत्रपूर्वक जेल में बंद रखा गया है। मतांतरण चल रहा है,तीन लोग आत्महत्या कर चुके हैं, विवाद की स्थिति है, वनरक्षक, पुलिस आरक्षण व सरकारी नौकरी में हुए भ्रष्टाचार से राज्य के युवा नाराज हैं, सरकार ने 500 रुपए में सिलेंडर देने का वादा पूरा नहीं किया है, बेरोजगारी भत्ता बंद, तेंदूपत्ता संग्राहकों का बीमा योजना बंद, कोदो, कुटकी खरीदी बंद है। यह सारी बातें कांग्रेस के आरोप पत्र में हैं जो उसने निकाय चुनाव में जारी किया है।

> **कांग्रेस के आरोप पत्र में कुछ भी नया नहीं है, सारे वही आरोप हैं जो वह एक साल में लगाती रही है, बार-बार लगाती रही है, ताकि जनता को यह संदेश दिया जा सके कि भाजपा सरकार पिछली सरकार से कोई अलग सरकार नहीं है। वह पिछली सरकार से बेहतर नहीं है। कांग्रेस को ऐसा इसलिए कहना और करना पड़ रहा है कि साय सरकार कई मामलों में कांग्रेस सरकार से बेहतर है, ऐसा उसने अपने काम से साबित किया है।**

कांग्रेस सरकार को आज सबसे ज्यादा बुरा इसलिए समझा जा रहा है कि उसके शासन हुए एक से बढ़कर एक भ्रष्टाचार सामने आ रहे हैं, लोगों को पता चल रहा है कि कांग्रेस के समय कैसे कांग्रेस नेताओं और उनके समर्थकों ने हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार किया है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं बचा है जहां कांग्रेस के समय भ्रष्टाचार न हुआ है। शराब घोटाला, सट्टा घोटाला, चावल घोटाला, कस्टम मिलिंग घोटाला, पीएससी घोटाला, दवाई खरीद घोटाला। यह सब जानकर राज्य के लोग तो बरबस कहते हैं जनता ने तो कांग्रेस को राज्य के विकास व जनता की सेवा के लिए चुना था लेकिन भ्रष्टाचार की संख्या व प्रकार को देखते हुए लगता है कि सरकार भ्रष्टाचार करने के लिए आई थी।

होता है ऐसा कि किसी का दामन दागदार हो जाए तो उसे दूसरे का साफ दामन भी दागदार दिखाई देता है, वह बताने की कोशिश करता है कि उसके दामन में भी दाग हैं। पांच साल सरकार चलाने पर मेरा दामन दागदार हो गया है तो एक साल सरकार चलाने पर दूसरे का दामन कैसे बेदाग रह सकता है। जहां तक भ्रष्टाचार के मामलों की बात हैं तो राज्य की जनता को बताने की जरूरत नहीं है,वह जानती है कि सीएम साय ने भ्रष्टाचार रोकने के लिए क्या काम किए हैं। जहां कहीं भी भ्रष्टाचार की शिकायत मिली है, साय सरकार ने कार्रवाई करने में देरी नहीं की है। जहां तक कानून व्यवस्था की बात है तो हर सरकार के समय अपराध तो होते रहते हैं। पिछली सरकार के समय राज्य में कोई रामराज नहीं था, साय सरकार के एक साल में अपराध हुए हैं लेकिन यह भी तो देखने वाली बात है कि कितनी जल्दी कार्रवाई हुई है। चाहे बलौदाबाजार आगजनी का मामला हो,चाहे लोहारडीह का मामला हो, चाहे रायगढ़ का मामला हो,चाहे पत्रकार हत्या का मामला हो। सरकार ने समय पर कार्रवाई की है और जनता को संदेश दिया है कि अपराध व अपराधियों के खिलाफसरकार सख्त है।

सरकार की यह भी बड़ी सफलता है कि हर अपराध में उसने कांग्रेस नेताओं को पकड़ा है और साबित किया है कि हर मामले में कांग्रेस नेता संलिप्त हैं। इससे भाजपा नेताओं को कहने का मौका मिला है कि कांग्रेस नेता पहले अपराध करते है उसके बाद कांग्रेस अपराध पर आरोपपत्र निकालती है। होता तो यह है कि कोई राजनीतिक दल चुनाव में घोषणापत्र जारी करता है, लेकिन कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया है क्योंकि वह कोई वादा तो कर नहीं सकती। क्योंकि पांच साल नगरीय निकाय व पंचायतों में बहुत अच्छा काम नहीं कर सकी है। जनता उसे चुनाव में नकारने वाली है, इसलिए उसने घोषणापत्र की जगह आरोप पत्र जारी किया है लेकिन इससे वह भाजपा से बेहतर तो हो नहीं सकती। कांग्रेस जनता को समझा पाती कि कांग्रेस भाजपा से बेहतर है तो वह विधानसभा चुनाव नहीं हारती,रायपुर का उपचुनाव नहीं हारती। जनता को पता है कि कांग्रेस सरकार से साय सरकार बेहतर है, क्यों बेहतर है और कैसे बेहतर है।जनता को पता है इस बार उसे बेहतर चुनना है तो किसे चुनना है।

# जागरूकता से ही होगा कैंसर रोग पर नियंत्रण

रमेश सर्राफधमोरा

कैंसर बीमारियों का एक जटिल समूह है जिसकी विशेषता असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार है । इसमें 100 से अधिक विभिन्न रोग शामिल हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करते है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं। जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। इन्हें कार्सिनोमा, सारकोमा, ल्यूकेमिया और लिम्फोमा जैसे प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है। इसके कारणों में आनुवंशिक, पर्यावरणीय और जीवनशैली कारक शामिल हैं, जिनमें अस्पष्टीकृत वजन घटाने से लेकर लगातार थकान तक के लक्षण शामिल हैं। कैंसर की रोकथाम में जीवनशैली में बदलाव जैसे कि तंबाकू से परहेज, स्वस्थ आहार और टीकाकरण शामिल हैं। प्रभावी प्रबंधन और शुरुआती पहचान के लिए जागरूकता और ज्ञान महत्वपूर्ण है।

कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का जन्म 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था।

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है। इस दिन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों




को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है।

नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे।

दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं।

अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं। जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है। जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है।

भारत में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की नैशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ें बताते हैं कि देश में 2023 में कैंसर के मामले 15 लाख तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा ऐसे हजारों केस भी होंगे जिनका आंकड़ा नहीं मिल पाता होगा। भारत में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। 2040 तक भारत में कैंसर के मामले 2020 की तुलना में 57.5त्न बढ़कर 20लाख 80हजार हो जाएंगे। (आईसीएमआर) के मुताबिक भारत में हर साल 1.3 मिलियन से ज़्यादा नए कैंसर के मामले सामने आते हैं। कैंसर रोग का इलाज करने वाले डॉक्टरों का भी मानना है कि यह खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कैंसर रोग की शुरुआती पहचान, जोखिम में कमी और प्रबंधन जैसे उपाय जरूरी है।

आईसीएमआर के आंकड़ों को देखें तो 2021 में कैंसर के 1426447 मामले नैशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम में दर्ज किए गए। 2022 में यह संख्या बढ़कर 1461427 हो गई और 2023 में 1496972 केस सामने आए। हर 9 में से से एक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कैंसर होने की संभावना है। पुरुषों में फेफड़े और महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के काफी मामले सामने आ रहे हैं। 14 वर्ष तक की आयु में लिम्फ़ेइड ल्यूकेमिया का खतरा बढ़ा है। 2020 की तुलना में 2025 में कैंसर के मामलों में 10 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी का अनुमान है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है।

विश्व कैंसर दिवस 2025 की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका को परिभाषित करती है। कैंसर का पता लगाने, कैंसर के प्रकार और कारण, डायग्नोस और उपचार में काफी प्रगति हुई है। लेकिन अफसोस की बात है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी के पास अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पायी है। जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, रेगुलर टीकाकरण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी बीमारी का इलाज शामिल है। कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाकर, हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग देकर, इफेक्टिव कम्यूनिटी बेस्ड प्लान को लागू करके, हम इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं।

विश्व कैंसर दिवस दुनिया पर कैंसर के प्रभाव को कम करने के लिए सभी के लिए मिलकर काम करने का एक अवसर है। जागरूकता बढ़ाकर, शिक्षा को बढ़ावा देकर, दूसरों को नैतिक रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करके और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समर्थन देकर ऐसे लोगों का जीवन बचाना है जिसे रोका और ठीक किया जा सकता है। एकजुट होकर और कार्म करके हम इस बीमारी से हमारे स्वास्थ्य, हमारी अर्थव्यवस्था और एक समाज के रूप में हमारी आत्माओं पर पड़ने वाले असर को कम कर सकते हैं।

कैंसर दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। विश्व स्वस्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में लगभग एक करोड़ लोगों की मौत कैंसर से हुइ थी। जिसमें ब्रेस्ट और लंग कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए थे। डब्लूएचओ के अनुसार दुनिया भर में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने से कैंसर के कारण होने वाली मौतों की संख्या को 30-50 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिल सकती है। कैंसर की चुनौती से निपटने का सबसे अच्छा तरीका इस मुद्दे के बारे में लोगों से बातचीत शुरू कर के जागरूकता बढ़ायी जाये। तभी कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से लोगों की जीवन रक्षा की जा सकेगी।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# बलात्कार पर लड़कों के साथ बातचीत से आएगा बदलाव

नमिता भंडारे

**देश के सबसे विकसित और साक्षर राज्य केरल में पिछले दिनों एक 18 वर्षीय दलित एथलीट ने खुलासा किया कि 13 साल की उम्र में उसका पहली बार यौन शोषण किया गया और अब तक 64 पुरुष उसकी अस्मत से खिलवाड़ कर चुके हैं। उसने अपने साथ पांच बार सामूहिक दुष्कर्म की भी बात कही। पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है और वह लड़की फिलहाल एक आश्रय-गृह में है। उम्मीद की जा सकती है कि उसे वहां जरूरी परामर्श व देखभाल मिल रही होगी।**

उस लड़की का शोषण करने वाले पुरुष आखिर कौन हैं? उनकी उम्र 17 से 47 साल के बीच है। वे सब उसके पड़ोसी, पिता के दोस्त या खेल प्रशिक्षक हैं। यह वारदात दक्षिण फ्रांस के एक अन्य भयावह अपराध की याद दिलाती है, जिसमें डोमिनिक पेलिकॉट नामक शख्स अपनी 40 वर्षीया पत्नी को करीब दस साल तक ड्रग्स देता रहा और बेहोशी की हालत में उसका बलात्कार करवाता रहा। 70 से अधिक पुरुषों ने उससे दुष्कर्म किया। कहा जाता है, सिर्फ तीन पुरुषों ने ऐसा करने से इनकार कर दिया, हालांकि उनमें से किसी ने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी। महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा की बीमारी, जिसमें यौन हिंसा शामिल है, किसी भौगोलिक सीमा, उम्र, शिक्षा के स्तर और आय से परे है। यह हमारे समय की सबसे खराब महामारियों में एक है कि दुनिया भर में हर तीन में से एक महिला किसी न किसी तरह यौन हिंसा का शिकार बनती है। भारत में हर दिन बलात्कार के 86 मामले दर्ज किए जाते हैं।

जब बलात्कार की कोई घटना इतनी भयावह होती है कि वह 'राष्ट्र की अंतरात्मा को झकझोर' दे, तब हमारे माननीय तुरंत मरहम-पट्टी जैसे उपायों में जुट जाते हैं। चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में 19 साल की एक छात्रा के साथ यौन-उत्पीड़न के बाद दबाव में आए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पिछले हफ्ते दो ऐसे विधेयक पेश किए, जिनमें यौन अपराधों के लिए सजा बढ़ाने के प्रावधान हैं। पश्चिम बंगाल में भले ही वहां के हाईकोर्ट ने आरजी कर बलात्कार व हत्या मामले में दोषी को उम्र कैद की सजा सुना दी है, लेकिन राज्य सरकार ने जघन्य बलात्कार के मामलों में मृत्युदंड को अनिवार्य बनाने वाला विधेयक सर्वसम्मति से पास कर दिया है। हालांकि, मृत्युदंड से भी यह अपराध कहां रुक सका है? दिल्ली में वर्ष 2012 के सामूहिक बलात्कार मामले के बाद संसद ने ऐसा ही कानून बनाया है। मगर कुछ हुआ है, तो सिर्फ अपराध के मामले बढ़े हैं। मसलन, साल 2012 में जहां बलात्कार के 24,923 मामले दर्ज किए गए थे, वहीं 2022 में ये बढ़कर 31,516 हो गए।

जाहिर है, जब सख्त कानून से भी बात न बने, तो हमें उससे बेहतर समाधान का प्रयास करना चाहिए। यह प्रयास है क्या? हमें पुरुषों से बात करनी चाहिए। वे सभी लोग, जिनसे हम रोज मिलते हैं। सबसे जरूरी तो यह है कि हमें लड़कों से बात करनी चाहिए। यह कारगर हो सकता है। उत्तर प्रदेश में किशोरों के साथ एक गैर-सरकारी संस्थान 'ब्रेकथ्रू' द्वारा किए गए पायलट कार्यक्रम में पाया गया कि लड़कों से बात करने से उनकी सोच में सकारात्मक बदलाव आया। न केवल उन्होंने लड़कियों को अधिक सम्मान देना शुरू कर दिया, बल्कि वे घरेलू कामों में अपनी मां और बहनों की मदद भी करने लगे। साफ है, हमें 'विषाक्त मर्दानगी' की अवधारणा पर चिंतन करना चाहिए। अपने देश में बहुत से लड़के ऐसे हैं, जो एक भयावह समझ के साथ विकसित हो रहे हैं। मर्दों को कमजोर नहीं दिखना चाहिए, उन्हें समूह में रहना चाहिए, लड़कियों से बदसलूकी की सोच उनके अंदर पनपती रहती है। लिहाजा, जब तक हम लड़कों से बात नहीं करेंगे, कुछ भी नहीं बदलेगा। स्कूली पाठ्यक्रमों में, गैर-सरकारी व सरकारी संस्थाओं द्वारा इस बाबत कदम उठाने की जरूरत है।

यह एक कठिन चुनौती है, क्योंकि सोशल मीडियाके मंच भी इसी विषाक्त मर्दानगी से भरे पड़े हैं। 'स्वयं' की निर्देशक अमृता दासगुप्ता कहती हैं कि पुरुष हिंसक पैदा नहीं होते। यह समाज और सामाजीकरण की प्रक्रिया है, जो उनमें से कई को इस अपराध की ओर उन्मुख कर देती है। वाकई, हिंसा मुक्त दुनिया के लिए हमें पुरुषों व लड़कों के साथ मिलकर रूढ़िवादिता तोड़नी ही होगी। नए साल का यह भी एक संकल्प हो सकता है।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# सभी वर्गों की बेहतरी का बजट

सतीश सिंह

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सभी वर्गों की बेहतरी के लिए बजट में प्रावधान किया है। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ नई टैक्स रिजीम चुनने पर सालाना 12.75 लाख रुपये तक की आय पर कोई आयकर नहीं देना होगा, लेकिन अन्य जरिये से आय अर्जित करने पर टैक्स में छूट की सीमा केवल 12 लाख रुपये रहेगी।**

बुजुर्ग नागरिकों के लिए टीडीएस की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। किराया आमदनी पर टीडीएस की छूट 6 लाख रुपये कर दी गई है। मोबाइल फोन और ई-कार सस्ती होगी। ईवीऔर मोबाइल की लीथियम आयन बैटरी सस्ती होगी। एलईडी-एलसीडी टीवी सस्ती होगी। कस्टम ड्यूटी को घटाकर 2.5 प्रतिशत कर दी गई है। एक लाख अधूरे घरों के निर्माण को पूरा किया जाएगा और 2025 में 40 हजार नये घरों को पात्र लाभार्थियों को आवंटित किया जाएगा।

हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन कार्यक्रम की अवधि को बढ़ाकर 2028 किया जाएगा। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिला उद्यमियों के लिए विशेष ऋण योजनाओं को शुरू किया जायेगा। पहली बार उद्यमी बनने वाली पात्र महिलाओं को दो करोड़ रुपये का मियादी ऋण दिया जाएगा, ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सके। आमजन की भलाई के लिए 36 जीवन रक्षक दवाओं को पूरी तरह से कर मुक्त किया गया है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए देश में 200 डे-केयर कैसर सेंटर बनाए जाएंगे साथ ही साथ मेडिकल उपकरण और कैंसर की दवाओं की कीमत को कम किया जाएगा।

किसानों के आर्थिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया गया है। देश में पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू की जाएगी, जिससे 100 जिलों को लाभ होगा। डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपये तक का ऋण दिया गया है, जिससे मछुआरा समुदाय एवं अन्य कारोबारियों को लाभ होगा। कपास के ज्यादा से ज्यादा उत्पादन को सुनिश्चित करने के लिए 5 साल की कार्ययोजना बनाई जाएगी। असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगाया जाएगा, जिससे वहां के युवाओं और किसानों को लाभ होगा।

स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का फंड बनाया जाएगा, जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों में इजाफा होगा। आने वाले साल र्आिटफिशियल इंटेलीजेंस के होंगे। इसलिए, 500 करोड़ रुपये से 3 र्आिटफिशियल इंटेलीजेंस एक्सीलेंस सेंटर बनाए जाएंगे। स्वास्थ क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए मेडिकल की शिक्षा में अगले 5 सालों में 75 हजार सीटें बढ़ाई जाएगी। साथ ही, देश के 23 आईआईटी में 6500 सीटें बढ़ाई जाएगी।

मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड को बढ़ावा दिया जाएगा। स्किल बढ़ाने के लिए 5 राष्ट्रीय स्तर के सेंटर बनाए जाएंगे। सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी दी जाएगी। एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी की सीमा को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया जाएगा। देश को खिलौना उत्पादन का ग्लोबल हब बनाने की राष्ट्रीय योजना बनाई जाएगी। नई लेदर योजना शुरू की जाएगी, जिससे 22 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपये की लिमिट वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। इस क्रम में पहले वर्ष में 10 लाख कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। शहरी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि' योजना के तहत ऋण की सीमा को बढ़ाकर 30 हजार रुपये किया जाएगा।

**( आरएनएस )**

# सीबीएसई का फैसला निःसंदेह महत्वपूर्ण पहल

**अगले महीने से होने जा रही 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं को पारदर्शी तरीके से कराने को लेकर केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का फैसला निःसंदेह महत्वपूर्ण पहल है।**

बोर्ड ने फैसला किया है कि अगर किसी परीक्षार्थी ने प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया पर डाला तो उसकी चार वर्ष की परीक्षा रद्द कर दी जाएगी। यानी उस परीक्षार्क्षी का मौजूदा पेपर तो रद्द होगा ही, साथ ही उसे अगले तीन वर्ष की परीक्षाओं में बैठने पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। दरअसल, बोर्ड की ऐसी सख्ती वक्त की मांग है। कई बार से ऐसा देखा गया है कि परीक्षार्थी उत्साह में आकर या बेवकूफी में प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया पर वायरल कर देता है।

इससे बाहर यह संदेश जाता है कि परीक्षा निष्पक्ष नहीं हुई और यह संदेश फैलते क्षण भर की भी देरी नहीं होती कि प्रश्नपत्र लीक हो गया। जाने-अनजाने इससे भ्रम फैलता है और सरकार के साथ-साथ बोर्ड भी दबाव में आ जाती है। साथ ही ईमानदारी से परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का मनोबल गिरता है। सीबीएसई ने इन मामलों की जांच के लिए एक कमिटी बनाई है, जिसकी सिफारिश के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

अनफेयर मीस के नियमों में ऐसे कई नियमों को शामिल किया गया है। यह देखने में आया है कि शैक्षणिक परीक्षाओं से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं तक में बड़े पैमाने पर अनियमितता और फर्जीवाड़ा किया जाता रहा। इन सबका प्रभाव देश की परीक्षा प्रणाली पर काफी बुरा पड़ता है। वैसे भी परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी लगाने, परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन या कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के इस्तेमाल न करने का निर्देश देना उन छात्रों के लिए भी तो बुरी बात है।

यह सभी विद्यार्थियों के लिए निश्चित तौर पर सोचने-विचारने की बात है कि उनके लिए इतने सारे सख्त नियम-कायदे अमल में लाए जाएं। आखिर क्यों उन्हें परीक्षा में नकल करने या अनुचित व्यवहार करने के लिए विवश होना पड़ता है? इस बाबत उन स्कूलों, उन विद्यार्थियों और उनके परिजनों को भी संवेदनशील और संजीदा होकर मंथन करने की आवश्यकता है। गलत तरीकों से परीक्षा में अंक लाना बहादुरी नहीं है।

कॅरियर में आगे बढने के लिए ईमानदारी से किए गए प्रयास और दुनियादारी को समझना ही अच्छे अंक की गारंटी है। नकल करके प्रथम श्रेणी में पास होना विद्यार्थियों को क्षणिक खुशी तो देगा, मगर उन्हें जीवन पथ पर पीछे धकेल देगा।

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

KJ कांतिलाल ज्वेलर्स
सोने, चांदी एवं गोल्ड जेवरों के निर्माता एवं विक्रेता
सदर बाजार, दुर्ग, 0788-2210274, 4038274
40 आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, फोन: 4060274
Kantilal_jewel@yahoo.com

विशाल ज्वेलर्स
BIS - 916 100% Hallmarked
आभूषण लेना तो हॉलमार्क लेना
नया सराफा, जवाहर चौक, दुर्ग
मो.-9827906406

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



# श्रीकंचनपथ
भिलाई–दुर्ग

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क – शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544



## खास खबर

### ब्लड प्रेशर और वजन जांचने की मशीन मिलने से श्रमिक बस्ती के लोगों को मिली राहत

**भिलाई।** रूआबांधा क्षेत्र की श्रमिक बस्ती झिरिया पारा के लोगों को अपनी स्वास्थ्य की जांच के लिए अब भटकना नहीं पड़ता। सेवाभावी चिकित्सक डॉ. उदय कुमार व उनकी पत्नी प्रेरणा धाबर्डे ने हाल ही में डॉ आंबेडकर सामुदायिक भवन झिरिया पारा को एक ऑटोमेटिक ब्लड प्रेशर तथा वजन जांच करने की मशीन प्रदान की है। जिससे अब बस्ती के लोग यहां पहुंच कर अपना ब्लड प्रेशर आसानी से पता कर लेते हैं। वहीं अपना वजन जानने भी लोगों को किसी क्लिनिक का रुख नहीं करना पड़ता है। रूआबांधा बस्ती वासियों ने धाबर्डे दंपति का इस पहल के लिए आभार जताया है। डॉ. उदय कुमार ने बताया कि डॉ अंबेडकर सामुदायिक भवन झिरिया पारा में आने वाले सभी सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

### बसंत पंचमी पर पुरई शासकीय शाला में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**दुर्ग।** अखिल विश्व गायत्री परिवार दिया छग द्वारा 3 फरवरी 2025 सोमवार को बसंत पंचमी के पावन पर्व पर परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य के अध्यात्मिक जन्मदिन पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पूरई दुर्ग मे 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में डॉ पी. एल. साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि गायत्री ज्ञान की देवी है, नियमित गायत्री मंत्र के जप, ध्यान व मंत्र लेखन से हमारी मानसिक शक्ति का विकास होता है। गायत्री वेद माता– वेदो की जननी, देव माता– मनुष्य में देवत्त का उदय एवं विश्व माता – विश्व के कल्याण की प्रतीक है। विद्यार्थी जीवन में नियमित गायत्री मंत्र उपासना का महत्व बताते हुए श्रीमति अनीता साव ने मां सरस्वती के अवतरण एवं गुरुदेव के अध्यात्मिक जीवन पर प्रकाश डाला। अंजना साहू ने बच्चों को यज्ञ का ज्ञान विज्ञान समझाते हुए यज्ञ संपन्न कराया। कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या सीमा दवे, पूर्णिमा खोबरागड़े, पुष्पा साहू, पूर्णिमा देवांगन, डॉ योगेंद्र कुमार, कुमकुम साहू एवं इंजिनियर युगल किशोर उपस्थित थे।

### कन्या महाविद्यालय में विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के यूथ रेडक्रॉस एवं गृहविज्ञान विभाग के तत्वाधान में विष्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में बढ़ते कैंसर के मामले गंभीर चिंता का विषय है। बढ़ती उम्र, जीवनषैली में बदलाव, पर्यावरण प्रदूषण और तंबाकू के सेवन जैसे कई कारक इस प्रवृत्ति में योगदान करते है। विष्व कैंसर दिवस वैष्विक समुदाय को जागरूकता बढ़ाने, षिक्षा में सुधार लाने तथा कैंसर के विरूद्ध लड़ाई में व्यक्तिगत, सामूहिक एवं सरकारी कार्यवाही को प्रेरित करता है।
प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने इस दिवस का उद्देष्य सार्वजनिक स्वस्थ मुद्दे के रूप में कैंसर के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना और गुणवत्तापूर्ण देखभाल, जांच, प्रारंभिक पहचान, सुधार की दिषा में कार्यवाही को मजबूत करना है।

# दुर्ग में बागी प्रत्याशियों पर बड़ी कार्रवाई, 45 बागियों को पार्टी ने दिखाया बाहर का रास्ता

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ने एवं अनुशासन भंग करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कड़ी कार्रवाई करते हुए ऐसे सभी प्रत्याशियों को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। दुर्ग जिले में नगर निगम सहित अन्य निकायों में कुल 45 बागियों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है।




जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि पार्षद का बागी चुनाव लड़ने वालों में दुर्ग नगर निगम क्षेत्र से 30 लोगों का निष्कासन किया गया है तथा नगर पालिका व नगर पंचायत मिलाकर 11 लोगों का निष्कासन हुआ है।

पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय बागी प्रत्याशी होरीलाल देवांगन और उतई से श्रीमती सुनीता रूपनारायण शर्मा और कुसुम देवांगन को निष्कासित किया गया है। दुर्ग जिले से कुल 45 लोगों का भाजपा से निष्कासन हुआ है। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि निष्कासित हुए लोगों को आने वाले 6 साल तक भाजपा संगठन में किसी भी पद पर नहीं लिया जाएगा, किसी विभागीय अशासकीय पद में भी उनकी नियुक्ति नही होगी।

### अनुशासन भंग करने पर कठोर कार्रवाई

दुर्ग जिला चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अनुशासन का विशेष महत्व है और अनुशासन भंग करने पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान है। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ना घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आने वाला कृत्य है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव द्वारा ऐसे लोगों का 6 साल के लिए निष्कासन किया जाना स्वागत योग्य कदम है। ऐसे निष्कासित नेताओं के चुनाव प्रचार में भाग लेने वालों पर भी पार्टी की कड़ी नजर है, उन पर भी सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### दुर्ग निगम से इन पार्षदों को किया निष्कासित

दुर्ग नगर निगम से पार्षद का नामांकन करने वाले निष्कासितों में भारती चंद्राकर, संतोषी बाई पटेल, चोखेलाल सोनी, जितेंद्र कुमार ताम्रकार, सतीश कुमार देवांगन, अजीत कुमार वैद्य, खिलावन मटियारा, लता सेन, बबीता यादव, सीमा मिश्रा, विकास कुमार ताम्रकार, जगदीश सोनी, विजयलक्ष्मी मिश्रा, दिनेश कुमार वर्मा, रामरतन जलतारे, पूजा देवांगन, डोमेश्वर प्रसाद साहू, मोहित कुमार टंडन, दशरथ पंदरिया, नरेंद्र हरपाल, तारिणी चंद्राकर, अश्वनी साहू, सविता साहू, मोतीलाल साहू, नीलम पवार, पीलिया साहू, भानुमति साहू, कंचन ललित यादव है।

### कुम्हारी पालिका में इन पर गिरी गाज

नगर पालिका परिषद कुम्हारी से निष्कासित लोगों में पार्षद प्रत्याशी विनोद कुमार बंजारे कुरमनी लक्ष्मी नारायण साहू सुनीता तिवारी अनुराग गुप्ता ओंकार प्रसाद मारकंडे शामिल हैं। नगर पंचायत पाटन में पार्षद प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 11 से वागेश वासा शंकर और वार्ड क्रमांक 13 से श्रीमती लक्ष्मी लक्ष्मण निर्मलकर को निष्कासित किया गया है। नगर पंचायत उतई से बागी पार्षद प्रत्याशी माया ठाकुर, आशीष साहू, भीषण देवांगन, विजय लक्ष्मी साहू को निष्कासित किया गया है।

## हमने बनाया है हम ही सवारेंगे–अल्का बाघमार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी की दुर्ग महापौर प्रत्याशी अल्का बाघमार का धुआंधार जनसंपर्क एवं दौरा कार्यक्रम वार्ड नंबर 5 मरार पारा पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुई । तत्पश्चात वार्ड 5 मरार पारा में भ्रमण कर आम जनमानस से वोट की अपील करते हुए वार्ड नंबर 6 ठेठवार पारा बेगा पारा में जनसंपर्क करते हुए पूरे कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय हेमचंद यादव जी के निवास में जाकर पहले उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

तत्पश्चात वार्ड नंबर 7 किला मंदिर वार्ड लुचकी वार्ड शिक्षक नगर में भ्रमण कर करते हुए वार्ड नंबर 9 स्वामी विवेकानंद वार्ड नंबर 10 शंकर नगर पश्चिमी वार्ड नंबर 11 शंकर नगर पूर्व में जाकर संपन्न हुई। आम जनमानस ने अपने महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार का स्वागत माला पहनकर एवं विजय की अग्रिम तिलक लगाकर अपनी शुभकामनाएं दी।

जनसंपर्क मे वार्ड पार्षद प्रत्याशी ओम प्रकाश पटेल ,नीलेश अग्रवाल, कविता विकाश सेन, ज्ञानेश्वर ताम्रकार ,शेखर चंद्राकर, आशीष चंद्राकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर दुर्ग शहर की महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ के साथ–साथ दुर्ग शहर को विकास और डेवलपमेंट के नाम पर रोक कर रखा रहा, कांग्रेस की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की केंद्र सरकार द्वारा शहर के प्रत्येक घर तक शुद्ध पानी पहुंचाने 153 करोड रुपए की राशि देने के बाद भी दुर्ग नगर निगम भ्रष्ट नीति अपनाई जिसके चलते राशि खत्म होने के कारण कई वार्डों के सैकड़ो घर फ्री नल कनेक्शन नहीं लग सका। श्रीमती बाघमार ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ के राज्य निर्माता स्वर्गीय अटल बिहारी जी के सपने को पूर्ण करने का बीड़ा लिया है और छत्तीसगढ़ का निर्माण भाजपा सरकार की देन है इसलिए हम कहते हैं कि हमने बनाया हैं और हम ही सवारेंगे। मैं दुर्ग शहर के वादा करती हूं कि आपकी कसौटियां पर मैं जरूर खरा उतरूंगी और दुर्ग शहर को हमारे सपने के दुर्ग बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोडूंगी।

## कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता ने वार्डों में किया जनसंपर्क

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर निगम चुनाव में दुर्ग से महापौर पद के लिये कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता साहू ने आज वार्ड 26 संतराबाड़ी से चुनाव प्रचार शुरू किया। कांग्रेस नेता अरुण वोरा, राजेंद्र साहू ,धीरज बाकलीवाल सहित अन्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ कांग्रेसजनों ने दोपहर 3 बजे तक धुआंधार जनसंपर्क किया। कांग्रेस नेता वार्ड 27 और 28 में भी चुनाव प्रचार करने पहुंचे। शाम को वार्ड 56, वार्ड 1 और वार्ड 2 में जनसंपर्क किया गया। चुनाव करीब आते ही कांग्रेस के चुनाव प्रचार अभियान में तेजी आ गई है। उत्साही कांग्रेस कार्यकर्ता घर घर जाकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। बाजे गाजे के साथ कांग्रेस का झंडा लहराते हुए घर घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता साहू समेत वार्ड के पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने की अपील की जा रही है।

चुनाव प्रचार के दौरान वार्ड 26 से पार्षद प्रत्याशी आरएन वर्मा, वार्ड 27 से कांग्रेस प्रत्याशी मनीष बघेल , वार्ड 28 से कांग्रेस प्रत्याशी शबाना निशा रानी, वार्ड 1 से कांग्रेस प्रत्याशी चिराग शर्मा, वार्ड 2 से धनवंतिन निषाद, वार्ड 56 से कांग्रेस प्रत्याशी संतोष सोनी भी जनसंपर्क के दौरान मौजूद रहे। चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेताओं ने राज्य में पिछली कांग्रेस सरकार के कामकाज और उपलब्धियों को गिनाया। दुर्ग नगर निगम में कांग्रेस की परिषद के कार्यों की जानकारी देते हुए इस बार के चुनाव में कांग्रेस को ही वोट देने की अपील की गई।

जनसंपर्क अभियान में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अजय मिश्रा, परमजीत सिंह भुई, अनूप वर्मा, प्रवक्ता नासिर खोखर, निकिता मिलिंद सहित आदि लोग थे।

## निकाय चुनाव हेतु ईवीएम का वार्डों में प्रदर्शन, लोगों में दिखा उत्साह

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत निगम चुनाव में इस बार ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा।ईवीएम को लेकर मतदाताओं के मन में तमाम जिज्ञासाओं को शांत करने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋ चा प्रकाश चौधरी की ओर से शहर क्षेत्र के हर वार्ड में प्रतिदिन,आज शहर क्षेत्र के 4 वार्डो में शिविर लगाकर मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम के विभिन्न हिस्सों और उनके कार्यों का विस्तार से परिचय कराया।

उन्होंने बताया कि कैसे मशीन से चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और त्वरित बनाया जाता है।मास्टर ट्रेनर ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा उपायों का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचा जा सके।इस दौरान लोगो ने ईवीएम मशीन को जाना. स्थानीय निवासी ललित पटेल ने कहा कि ईवीएम मशीन से वोट देने की प्रक्रिया की जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया।साधना ढीमर ने कहा कि ईवीएम मशीन से वोट देना आसान है और समय भी कम लगेगा।

वही प्रमिला यादव ने बताया कि हम सभी बहुत खुश है कि चुनावी त्योहार है,हम बहुत उत्साह के साथ वोट देने 11 फरवरी को अवश्य जाएंगे।इसी क्रम में 5 फरवरी को वार्ड 57 उरला,वार्ड 17 औधोगिक नगर, वार्ड 21 तितुरडीह वार्ड 27 पोलसायपारा, वार्ड 9 स्वामी विवेकानंद वार्ड,वार्ड 4 मठ पारा,वार्ड 36 गंज पारा,वार्ड 29 अस्पताल वार्ड,वार्ड 40 सुराना कालेज,वार्ड 45 पद्मनाभपुर,वार्ड 50 बोरसी भाठा,वार्ड 55 पुलगांव के अलावा 6 फरवरी को वार्ड 2 राजीव नगर, वार्ड 33 चण्डी मंदिर,वार्ड 31 लंगुरवीर मंदिर,वार्ड 41 केलाबाड़ी,वार्ड 46 पद्मनाभपुर, वार्ड 51 बोरसी बस्ती,वार्ड 19 शहीद भगत सिंह,वार्ड 58 उरला,वार्ड 18 औद्योगिक नगर, वार्ड 23 दीपक नगर, वार्ड 13 मोहन नगर के अलावा वार्ड 7 किल्ला मंदिर वार्ड में प्रात: 10बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।

## दिव्यांग व वंचित समुदाय के बच्चों के लिए जीई फाउंडेशन का काम सराहनीय:चक्रवर्ती

### जीई फाउंडेशन की स्मारिका का विमोचन किया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फ ाउंडेशन की वार्षिक स्मारिका का विमोचन भिलाई स्टील प्लांट के कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) ए. के. चक्रवर्ती ने मंगलवार को अपने कार्यालय में एक संक्षिप्त समारोह में की। शुरुआत में जीई फाउंडेशन की ओर से संयोजक प्रदीप पिल्लई ने अपने स्वागत भाषण में संस्था के हाल के प्रमुख कार्यों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया।

विमोचन के उपरांत ईडी एमएम ए के चक्रवर्ती ने कहा कि भिलाई स्टील प्लांट के ही कुछ कर्मियों ने दिव्यांग व वंचित समुदाय के बच्चों के लिए स्वेच्छा से जो पहल की, वह बेहद अनुकरणीय है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि जीई फाउंडेशन का कार्य भविष्य में देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनाएगा। इस अवसर पर रिफ्रैक्ट्रीज इंजीनियरिंग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक प्रसनजीत दास, सामग्री प्रबंधन विभाग के के मुख्य महाप्रबंधक ए.के. मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक मंजु शुक्ला और जीई फाउंडेशन की ओर से जावेद खान, के वी विनोद, तारिक खान और अजीत सिंह भी उपस्थित थे।

## सेल–एनटीपीसी ने यूथ हॉस्टल को दी एंबुलेंस, छत्तीसगढ़ इकाई ने जताया आभार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ( वायएचएआई) राउरकेला यूनिट को एनटीपीसी–सेल पावर कंपनी लिमिटेड (एनएसपीसीएल) से एक एम्बुलेंस प्रदान की गई है। बसंत पंचमी के अवसर पर निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) तहत यह पहल की गई है।

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई ने एनएसपीसीएल की पहल का स्वागत करते हुए इसे अनुकरणीय बताया है। वायएचएआई छत्तीसगढ़ इकाई की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक राउरकेला इकाई के अध्यक्ष प्रताप कुमार स्वैन, उपाध्यक्ष जी.एन. श्रीवास्तव और संगठन सचिव सरोज पटनायक ने यह एम्बुलेंस प्राप्त की। जिसमें वायएचएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज जौहरी और ओडिशा राज्य अध्यक्ष पी.एन.दवे का विशेष सहयोग व मार्गदर्शन रहा। वाईएचएआई छत्तीसगढ़ राज्य शाखा अध्यक्ष- सुनील विश्नोई, उपाध्यक्ष–सतीश शुक्ला, हुकुमचंद जैन, शैलेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष वरुण जैन, चेयरमैन–संदीप सेठ, सचिव के.सुब्रमण्यम एवं भिलाई इकाई के अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी, चेयरमैन के.सुब्रमण्यम, सचिव सुबोध देवांगन एवं अन्य सदस्यों ने सेल–एनटीपीसी की इस पहल पर आभार जताया है। वाईएचएआई पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में छत्तीसगढ़ इकाई के लोक महत्व से जुड़े कार्यक्रमों में भी सेल–बीएसपी और एनटीपीसी प्रबंधन का सहयोग अवश्य मिलेगा।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...




### दिव्य संस्कार विद्या मंदिर के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दी महक प्रस्तुति

**रायपुर।** वैदिक शिक्षण समिति द्वारा संचालित दिव्य संस्कार विद्या मंदिर के डूंडा, दतरेंगा एवं सेजबहर विद्यालय का सामूहिक वार्षिकोत्सव एवं मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। दिव्य संस्कार विद्या मंदिर की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदन के साथ किया गया। स्कूल के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने वहाँ बैठे अभिभावकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद बच्चों ने अपने माता पिता का सामूहिक पूजन किया, बच्चों द्वारा किये इस पूजन से अभिभावकों की आँखे भर आई, सभी ने कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की. मंच संचालन रेवा राम भाई, श्रीप्रिया तिवारी एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्रीमती सावित्री केसरिया ने किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ ऋषि प्रसाद प्रभारी प्रभाकर भाई, श्रीमती प्रियंका चौधरी पंच सेजबहार कॉलोनी, प्रदीप चौधरी अध्यक्ष, जनकल्याण समिति, सेजबहार, श्रीमती लता सोनी पूर्व पंच सेजबहार कॉलोनी, डॉक्टर भद्रिका समाज सेविका, श्रीमती पूजा गौर, समाज सेविका, श्रीमती रजनी सिंह साइकिलिस्ट, छत्तीसगढ़ एवं बड़ी संख्या में पालक एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

### 5वीं-8वीं बोर्ड को लेकर सरकार ने हाईकोर्ट में लगाई कैविएट

**रायपुर।** 5वीं-8वीं की बोर्ड परीक्षा को लेकर राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में कैविएट दाखिल की है। सरकार को आशंका है कि दोनों कक्षाओं को बोर्ड घोषित किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की जा सकती है। इसे संभावना को देखते हुए कैविएट लगाई गई है।

बता दें कि पिछले कुछ वर्षों से बिना बोर्ड परीक्षा के कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं की परीक्षा आयोजित करने के कारण विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता और मानक पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 से सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों (सीबीएसई और आईसीएसई स्कूलों को छोड़कर) की कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं की परीक्षा फिर से लेने का फैसला किया है। इससे बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 का उद्देश्य और लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। कैबिनेट से भी इसे मंजूरी मिल चुकी है। राज्य सरकार की रतफ से हाईकोर्ट में दखिल कैविएट में कहा गया है कि इस बात की पूरी आशंका है कि पीड़ित व्यक्ति/प्रस्तावित याचिकाकर्ता/गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थान, राज्य सरकार के उपरोक्त निर्णय को याचिकाओं के माध्यम से चुनौती देने के लिए इस न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं और राज्य सरकार के इस निर्णय के खिलाफ अंतरिम आदेश की भी प्रार्थना कर सकते हैं।

# अम्बेडकर अस्पताल के क्षेत्रीय कैंसर संस्थान में आए मरीजों की केस स्टडी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय स्थित रेडियोथेरेपी विभाग (क्षेत्रीय कैंसर संस्थान, रायपुर) मध्यभारत का सबसे बड़ा एवं उन्नत संस्थान है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के अतिरिक्त मध्यप्रदेश, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र एवं आदि राज्य से मरीज कैंसर का उपचार कराने आते हैं। कैंसर मरीज के कैंसर के प्रकार एवं श्रेणी अनुसार कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, सर्जरी एवं इम्युनोथेरेपी से इलाज किया जाता है। वर्ष (2019-2023) इन पांच सालों में क्षेत्रीय कैंसर संस्थान में पंजीकृत लगभग 18500से 18600 मरीजों में 3832 यानि 20-25 प्रतिशत मरीज पूर्णत: कैंसर मुक्त होकर स्वस्थ जीवन जी रहें हैं।

महिलाओं में होने वाले कैंसर में स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पूरे देश में सर्वाधिक मौतें होती है। 2019 से 2023 में क्षेत्रीय कैंसर




संस्थान में इलाजरत स्तन कैंसर के 36 प्रतिशत ( 2043 में 733) मरीज और गर्भाशय ग्रीवा के 30 प्रतिशत मरीज (2991 में 871) अभी स्वस्थ हैं। मुंह और गले के कैंसर के 4624 मरीजों में से 885 यानि 19 प्रतिशत कैंसर मुक्त हुए हैं। अन्य कैंसर के 8731 मरीज इस अवधि में पंजीकृत हुए जिसमें 15 प्रतिशत यानि 1343 मरीज स्वस्थ और कैंसर मुक्त है। इसमें फेफड़ा, ब्रेन ट्यूमर हड्डी का कैंसर, खून का कैंसर, पेट और आंत से जुड़े कैंसर, आंख, किडनी, आदि कैंसर के मरीज है।

रामलाल (परिवर्तित नाम) उम्र 53 वर्ष दो साल तक बिलासपुर के निजी अस्पताल में अपनी कमजोरी, शरीर में सूजन और नींद न आने की बीमारी का इलाज कर रहा था। वहां की दवाई से आराम न आने पर डॉक्टरों ने मुझे रायपुर क्षेत्रीय कैंसर संस्थान में जाने की सलाह दी। सन् 2008 में जब मैं पहली बार रायपुर आया तो यहां के डॉक्टर ने मुझे बोन मैरो कराने की सलाह दी। रिपोर्ट देखने के बाद मेरे पैर के नीचे की जमीन खिसक गई। रिपोर्ट मे मुझे खून का कैंसर होना बताया गया था। चिकित्सकों ने मुझे दिलासा दिया की यह बीमारी सही इलाज से ठीक हो सकता है। विगत 17 सालों से हर माह मुंगेली से आकर अपनी खून जांच कराता हूं और अपनी दवाई ले जाता हूं।

जीवन में निराशा के जिस दौर में संस्थान के चिकित्सकों ने मेरा हौसला बढ़ाया और निरंतर इलाज करने मुझे प्रोत्साहित किया, उनसे हर माह मिलने की लालच में रायपुर आता हूं और दवाई के साथ स्वस्थ जीवनजीने की प्रेरणा के साथ घर जाता हूं।

रहीम परिवर्तित नाम की कहानी आज से आठ साल पहले 9 वीं कक्षा में पढ़ने वाले रही को उसके पिता जी ने रायपुर में अपने मामा के घर जाने को कहा। वो सरदर्द से परेशान तो था, परंतु नानी और मामा के साथ रहने की खुशी से झूम उठा। बालाघाट के डॉक्ट रोंने जांच पश्चात उसके पिताजी को रहीम के ब्रेनट्यूमर का इलाज कराने बड़े शहर जाने को कहा था। जैसे ही उसके मामा को इस बारे में पता चला, उन्होंने तुरंत ही रहीम को उपचार के लिए मेकाहारा के रेडियोथेरेपी विभाग में दिखाने की सलाह दी। 8 साल पहले इलाज के लिए मामा घर रायपुर आया रहीम आज भी रायपुर में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रहा है। रहीम विगत 8 वर्षों से वह नियमित रूप से फॉलोआप पर है जिसके हर संभव मदद की गई और निरंतर उपचार के लिए उनका हौसला भी बढ़ाया गया।

# आटो पार्ट्स विक्रेताओं की यातायात पुलिस ने ली बैठक

पटाखे की आवाज निकालने वाले मॉडिफाई सायलेंसर बेचने पर कार्रवाई की दी गई हिदायत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार यातायात पुलिस रायपुर द्वारा शहर के आटो पार्ट्स विक्रेताओं का बैठक लेकर पटाखे की आवाज निकालने वाले मॉडिफाई सालसेंसर नही बेचने की हिदायत दी गयी साथ ही बेचते पाये जाने पर मोटरयान अधिनियम की धारा 181 (क) के तहत छह माह तक कारावास अथवा एक लाख रूपये तक जुर्माने का या दोनो से दण्डित करने का प्रावधान के बारे में बताया गया।**

बैठक के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर सतीश ठाकुर एवं गुरजीत सिंह द्वारा उपस्थित आटो पार्ट्स विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए समझाया गया कि मोटरयान अधिनियम के तहत वाहन में मानक के विपरीत पाट्स लगाना एवं बेचना दोनो में दण्ड का प्रावधान है। वर्तमान में रायपुर शहर के कई बुलेट वाहन चालक मॉडिफाई सायलेंसर लगाकर लापरवाही पूर्वम सार्वजनिक मार्ग में पटाखे की आवाज एवं बंदूक की गोली जैसे आवाज निकालकर वाहन चला रहे है जिससे मार्ग में चल रहे अन्य वाहन चालकों में अचानक तेज आवाज से घबराहट में सड़क दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई रहती है।

जिसे देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार यातायात पुलिस रायपुर द्वारा आटो पार्ट्स विक्रेताओं की बैठक आयोजित कर मोडिफाई सायलेंसर नही बेचने हिदायत दिया गया साथ ही बेचते पाये जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी समझाईस दी गयी। इस दौरान बड़ी संख्या में रायपुर शहर के आटो पार्ट्स विक्रेता व्यावसायी उपस्थित हुए जिन्होने भविष्य में दोबारा कभी भी मॉडिफाई सायलेंस नही बेचने का आश्वासन दिया।

### आयुक्त यातायात सुव्यवस्थित करने ट्रैफिक सिग्नल प्रारंभ करवाने दिए निर्देश

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन 3 के अंतर्गत शंकर नगर एक्सप्रेस वे मार्ग के नीचे शंकर नगर ट्रैफिक सिग्नल को शीघ्र प्रारम्भ करवाकर मुख्य चौराहे का यातायात सुव्यवस्थित और सुगम बनाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने निगम उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, जोन 10 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम जोन 10 के तहत पुरैना तालाब का निरीक्षण किया एवं निरीक्षण के दौरान पुरैना तालाब में कचरा डालने से रोकने एक्सप्रेस वे पुरैना की ओर से ग्रीन वाल लगवाने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखकर दिए।

# क्षेत्रीय कैंसर संस्थान में आयोजित होंगे विविध प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** पंडित जवाहर नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबध्द एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर स्थित क्षेत्रीय कैंसर संस्थान (रेडियोथेरेपी विभाग) में 4 फरवरी 2025 को विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय (4 से 8 फरवरी 2025) कैंसर स्क्रीनिंग अभियान आयोजित किया जाएगा। स्क्रीनिंग अभियान के तहत कैंसर के लक्षणों के साथ आने वाले मरीजों की ओपीडी में प्राथमिकता से जांच की जाएगी। क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के कर्मचारियों की तरफ से कैंसर मरीजों के लिए मॉडल ब्लड बैंक में रक्तदान किया जाएगा। साथ ही कैंसर के लक्षण पहचानने और नियमित इलाज के लिए प्रेरित करने हेतु रेडियोथेरेपी विभाग के डॉक्टर, नर्सिंग एवं फिजियोथेरेपी कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़—नाटक किया जाएगा। सुबह सात बजे क्षेत्रीय कैंसर संस्थान से ऑक्सीजोन तक रैली निकाली जाएगी।

ऑक्सीजोन में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कर व्यापक जनमानस में कैंसर के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया जायेगा। विश्व कैंसर दिवस प्रत्येक वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो जन—केन्द्रित कैंसर देखभाल पर केन्द्रित है तथा व्यक्तियों और समुदायों को कैंसर देखभाल और स्वास्थ्य प्रणालियों के केन्द्र में रखती है। यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल द्वारा शुरू किये गये इस अभियान का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना, इसकी रोकथाम को प्रोत्साहित करना और वैश्विक कैंसर महामारी से निपटने के लिए कार्यवाही करना है। यूनाइटेड बाय यूनिक थीम देखभाल और स्वास्थ्य प्रणालियों को आकार देते समय प्रत्येक व्यक्ति की अनूठी कहानी, जरूरतों दृष्टिकोण और स्थितियों पर विचार करने के महत्व पर प्रकाश डालती है जो बताती है कि आइये मिलकर एक ऐसी दुनिया बनायें, जहां हम बीमारी से परे देखें और रोगी से पहले व्यक्ति को देखें।

### अभिकल्प फाउंडेशन की पहल से आरंग में प्रारंभ हुआ पहली कम्युनिटी लाइब्रेरी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बंसत पंचमी के शुभ अवसर पर अभिकल्प फाउंडेशन द्वारा मदर्स प्राइड स्कूल आरंग कैंपस में अभिकल्प लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। शिक्षाविद, साहित्य प्रेमियों एवं समाज सेवियों की उपस्थिति में आरंग के इस प्रथम कम्युनिटी लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया।

अभिकल्प फाउंडेशन के संस्थापक गौरव शुक्ला ने बताया कि इस लाइब्रेरी में हिंदी, अंग्रेजी साहित्य के साथ ही छत्तीसगढ़ी साहित्य भी उपलब्ध होगा। इसके साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए भी सीजी पीएससी, व्यापम इत्यादि की किताबें भी उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर विभिन्न अतिथियों ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया और अभिकल्प लाइब्रेरी को समाज के लिए एक ज्ञान केंद्र के रूप में स्थापित करने की इस पहल की सराहना की। वालंटियर्स की उल्लेखनीय उपस्थिति और उनकी सक्रिय भागीदारी ने इस कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान माँ सरस्वती की पूजा अर्चना और प्रेरणादायक वक्तव्यों के माध्यम से शिक्षा और ज्ञान की शक्ति को उजागर किया गया। अभिकल्प लाइब्रेरी की अनूठी बात यह है कि यहाँ कोई भी किताब डोनेट कर सकता है जिससे कि अन्य लोग भी उस किताब का ज्ञान हासिल कर सकें। उद्घाटन समारोह में मदर्स प्राइड स्कूल के संचालकगण, आरंग एवं रायपुर के प्रबुद्ध जन, समाज सेवी, शिक्षाविद शामिल हुए । इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों और स्वयंसेवकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और लोगों को इस तरह की पुस्तकों को दान करने हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया।

# नगर निगम मुख्यालय रायपुर पहुंचे 15 नवप्रशिक्षु आईएएस अधिकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर 15 नवप्रशिक्षु आईएएस अधिकारीगण रायपुर नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन पहुंचे एवं नगर निगम आयुक्त और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा से मिलकर राजधानी शहर रायपुर में नगर निगम सहित स्मार्ट सिटी द्वारा केन्द्र सरकार एवं राज्य शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं के रायपुर जिला प्रशासन के निर्देशन में 24 गुना 7 संचालित युवाओं के लिए कल्याणकारी जनप्रिय नालंदा लाईब्रेरी परिसर एवं तक्षशिला लाईब्रेरी के संचालन के संबंध में स्मार्ट सिटी अधिकारियों द्वारा दिये गये पावर पाइंट प्रेजेंटेशन को नगर निगम मुख्यालय के तृतीय तल सभाकक्ष में देखा।

राजधानी शहर रायपुर सहित छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं के मध्य प्रतियोगी परीक्षाओं की सफलता को लेकर जगप्रसिद्ध लाईब्रेरी नालंदा एवं तक्ष शिला परिसर के प्रशासनिक तौर पर कुशल संचालन से संबंधित प्रेजेंटेशन को देखकर सभी नवप्रशिक्षु आईएएस अधिकारीगण प्रसन्न हुए। नवप्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने नगर निगम रायपुर एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से आमजनों के मध्य संचालित विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं को




लेकर नगर निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी एमडी अबिनाश मिश्रा से चर्चा की । इस संबंध में नगर निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी एमडी के निर्देश पर नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने लोक कल्याणकारी योजनाओं के राजधानी शहर रायपुर में सफाई क्रियान्वयन की जानकारी नवप्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को दी ।

### आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने खेल सुविधाओं का किया अवलोकन



रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा पंडित माघव राव सप्रे स्कूल खेल मैदान, सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, छत्रपति शिवाजी महाराज आउटडोर स्टेडियम, नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में नागरिको को दी जा रही खेल सुविधाओं का नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय प्रभारी कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा जुनियर की उपस्थिति में प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने प्रभारी कार्यपालन अभियंता को रायपुर शहर में राजधानी स्मार्ट सिटी के अनुरूप आमजनों को खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने एवं उपलब्ध खेल सुविधाओं को और अधिक बेहत्तर तरीके से उपलब्ध करवाने के संदर्भ में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये।

### मठपुरैना, कचना के ओवर हेड टैंक की सील्ट की हुई सफाई

रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के जल कार्य विभाग द्वारा मठपुरैना के 3200 किलोलीटर क्षमता और कचना के 1000 किलोलीटर क्षमता के ओवर हेड टैंक की सील्ट की सफाई का कार्य अभियान पूर्वक करवाया गया। मठपुरैना और कचना ओवर हेड टैंक में सुबह की नियमित जलापूर्ति करने के पश्चात पानी टंकी की सफाई का कार्य करते हुए सील्ट सफाई के साथ-साथ कैमिकल ट्रीटमेंट, सभी चैंबरों की सफाई एवं पेंटिंग का आवश्यक कार्य किया गया।

यहां यह उल्लेखनीय है कि इस कार्य के लिए पूर्व में नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत सतगुरु एजेंसी और सेफक्लीन एजेंसी को ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई हेतु नगर निगम जल कार्य विभाग द्वारा अनुबंधित किया गया है। मठपुरैना और कचना ओवर हेड टैंक में सील्ट की सफाई का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से आज सुबह 9 बजे प्रारम्भ कर दोपहर 2 बजे तक पूर्ण कर लिया गया। 5 फरवरी 2025 बोरियाखुर्द के 2500 किलोलीटर क्षमता वाले ओवर हेड टैंक और गोगांव के 3200 किलोलीटर क्षमता वाले ओवर हेड टैंक की सील्ट की सफाई सुबह की नियमित जलापूर्ति करने के पश्चात की जाएगी।















# स्टाइलिश साड़ी पहन कनिका मान ने शेयर किया ग्लैमरस लुक

*एक्ट्रेस की हॉटनेस देख फैंस के उड़े होश*

**टीवी की खूबसूरत एक्ट्रेस कनिका मान आए दिन अपनी लेटेस्ट स्टनिंग फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका किलर अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।**

कनिका मान टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। उनका हर एक अंदाज इंडस्ट्री पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर प्यार लूटाते हैं। लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने बेहद ही स्टाइलिश रिवीलिंग लुक में साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

खुले बालों को स्टाइलिश लुक देकर, माथे पर बिंदी और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस कनिका मान ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। कनिका मान इन दिनों भले ही किसी टीवी सीरियल में नहीं दिखाई दे रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस कनिका मान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।



# डेलबर आर्या ने शाहरुख के साथ काम करने की इच्छा जताई



**अभिनेत्री डेलबर आर्या, जो पंजाबी फिल्मों और कई बॉलीवुड म्यूजिक वीडियो में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं, अब बॉलीवुड के किंग खान, शाहरुख खान के साथ काम करने का सपना देख रही हैं। हाल ही में, उन्होंने अपनी इस इच्छा को जाहिर किया और एक नए प्रोजेक्ट को लेकर संकेत भी दिया।**

अपनी बेहतरीन प्रतिभा, कड़ी मेहनत और विश्वास की ताकत से डेलबार आर्या निश्चित रूप से एक उभरती हुई स्टार हैं। डेलबरआर्या ने कहा, मैं हमेशा से शाहरुख खान की प्रशंसा करती आई हूँ, न केवल एक अभिनेता के रूप में बल्कि उनकी शानदार जर्नी के लिए भी, जो उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। मैं हमेशा से बड़े सपने देखती हूँ और मुझे अपने लक्ष्यों को पाने की शक्ति पर विश्वास है।

शाहरुख खान के साथ काम करना मेरी सबसे बड़ी ख्वाहिशों में से एक है। उनकी पर्सनालिटी, प्रोफेशनलिज्म और लोगों से जुड़ने की क्षमता उन्हें एक ड्रीम को-स्टार बनाती है। मैं सच में उनकी उस मशहूर लाइन पर विश्वास करती हूँ - अगर किसी चीज़ को शिद्दत से चाहो तो पूरी कायनात उसे तुमसे मिलाने की कोशिश में लग जाती है।

और मैं महसूस कर सकती हूँ कि यह जल्द ही सच होने वाला है। डेलबर आर्या के इस बयान ने उनके फैंस के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। अगर यह प्रोजेक्ट सच होता है, तो यह उनके करियर का एक बड़ा मुकाम होगा। डेलबर अपने सपनों को पूरा करने और सीमाओं को पार करने में विश्वास रखती हैं, और उनके फैंस इस संभावित कोलैबोरेशन की आधिकारिक घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

यह सिर्फ एक ख्वाहिश है या फिर किसी बड़े प्रोजेक्ट की झलक, यह तो आने वाला वक्त बताएगा। लेकिन इतना तो तय है कि डेलबर की मेहनत और शाहरुख खान का जादू मिलकर एक यादगार सिनेमा अनुभव बना सकते हैं। जहाँ फैंस इस खबर की पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं, वहीं डेलबर आर्या का भविष्य काफी रोमांचक नजर आ रहा है। काम की बात करें तो डेलबर जल्द ही पंजाबी फिल्म मधाणिया में नजर आएंगी। अपने हर किरदार को वास्तविकता और आकर्षण से भरने की कला के लिए पहचानी जाने वाली डेलबर इस फिल्म में अपनी एक्टिंग की एक नई झलक दिखाने वाली हैं।

# एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने दिखाया अपनी अदाओं का जादू

*यूजर्स ने जमकर दिए रिएक्शंस*

**साउथ एक्ट्रेस मालविका मोहनन आए दिन अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका स्टनिंग और हॉट अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।**

एक्ट्रेस मालविका मोहनन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी खूबसूरती और फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें वो बोल्ड पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

मालविका मोहनन की लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने येलो कलर का ऑफ शोल्डर गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही हॉट और बोल्ड नजर आ रही हैं। खुले बालों को वेवी स्टाइल लुक देकर, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। मालविका मोहनन जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। उनकी इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक यूजर ने एक्ट्रेस की तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- बेहद हॉट। दूसरे ने लिखा है- टू मच हॉट टू हेंडल। तीसरे यूजर ने लिखा- यू लुक अमेजिंग।



# तीन की उम्र में डेब्यू, लेती थी हीरो से कई गुना फीस, शादीशुदा मर्द से अफेयर ने किया तबाह

*छोटे लड़के से शादी कर हुई छूमंतर*

**मात्र 3 साल की उम्र में ही बॉलीवुड में कदम रखा। बॉलीवुड के टॉप एक्टर्स संग काम किया। मनोज बाजपेयी, आमिर खान, संजय दत्त, अक्षय कुमार, सलमान खान, अक्षय खन्ना और अनिल कपूर जैसे कई दिग्गज एक्टर्स के साथ इस हसीना ने कई सुपरहिट फिल्मों की झड़ी लगाई।**

अपने करियर में हिट पर हिट देकर ये एक्ट्रेस अपने दौर की सबसे महंगी हीरोइन बन गई। गुड लक्स, क्लासी स्टाइल के साथ ही इनका अंदाज और एक्टिंग टैलेंट दर्शकों का दिल चुरा लेता था। देखते ही देखते ये फिल्म के लीड हीरो से भी ज्यादा फीस लेने लगी थीं, लेकिन इनकी जिंदगी में एक ऐसा अफेयर हुआ, जो इनके करियर पर भारी पड़ा। टॉप एक्ट्रेस की लिस्ट में आने वाली इस हसीना को काम के लाले पड़ने लगे। फिल्मों से लंबा ब्रेक लेकर एक्ट्रेस गायब हो गईं और 10 साल छोटे लड़के से शादी कर ली। क्या आप अब अंदाजा लगा पाए कि ये एक्ट्रेस है कौन?

## 'मासूम' से किया डेब्यू

हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो आज अपना जन्मदिन मना रही हैं। 51 साल की इस हीरोइन ने लंबे वक्त तक बॉलीवुड पर राज किया। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि तीन साल की उम्र में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट डेब्यू करने वाली उर्मिला मातोंडकर हैं। उर्मिला साल 1983 में आई फिल्म 'मासूम' से चाइल्ड एक्टर के रूप में दिखीं। इसमें उन्हें खूब पसंद किया गया। हालांकि, बतौर एक्ट्रेस वो साल 1991 में फिल्म 'नरसिम्हा' में दिखाई दी थीं। उर्मिला मातोंडकर के नाम कमाल की फिल्में दर्ज हैं। इनमें 'जानम समझा करो', 'हम तुमपे मरते हैं', 'दिल्लगी', 'सत्या', 'मस्त', 'कौन', 'पिंजर', 'अफलातून', 'जुदाई' और 'खूबसूरत' जैसी कई फिल्में हैं।

## साथ कीं 13 फिल्में

लगातार कई हिट फिल्में देने वाली उर्मिला मातोंडकर के करियर में एक ऐसा दौर भी आया जब वो अपने साथी लीड एक्टर्स से ज्यादा फीस चार्ज करने लगीं। 'रंगीला' की शूटिंग के दौरान उर्मिला राम गोपाल वर्मा से प्यार कर बैठीं। फिल्ममेकर का भी उन पर दिल आ गया। वो उन्हें अपनी सभी फल्मों में उन्हें कास्ट करते थे। दोनों ने 13 फिल्मों में बैक टू बैक साथ काम किया। एक ओर राम गोपाल वर्मा सिर्फ उर्मिला को ही कास्ट करते, वहीं दूसरी ओर एक्ट्रेस भी किसी और की फिल्मों में काम करना बंद कर दीं। यही उनके करियर की सबसे बड़ी गलती कहलाई। कोई भी और निर्देशक उन्हें कास्ट करना बंद कर दिए। फिर एक समय ऐसा भी आया जब राम गोपाल वर्मा ने भी उसके साथ फिल्में बनाना बंद कर दिया।

## मुसीबत बनी मोहब्बत

'रंगीला', 'सत्या', 'दौड़' और 'कौन' जैसी फिल्मों में राम गोपाल वर्मा की उर्मिला मातोंडकर हीरोइन थीं। अफेयर की चर्चा शुरू होने के बाद एक्ट्रेस की लाइफ में असल मुसीबत आई। राम गोपाल की पत्नी को इस बारे में पता चला और उन्होंने जमकर बवाल भी काटा। कहा जाता है कि उन्होंने उर्मिला को थप्पड़ जड़ दिया था। ये बात आग की तरह फैल गई थी। बाद में राम गोपाल वर्मा अपनी पत्नी से अलग हो गए, लेकिन उर्मिला से भी उनका रिश्ता लंबा नहीं चला और दोनों जुदा हो गए। इसी बीच उर्मिला ने भी करियर से ब्रेक ले लिया।



## 10 साल छोटे लड़के से की शादी

कई साल तक उर्मिला गायब ही रहीं। न वो किसी इवेंट में नजर आती थीं और न ही वो फिल्मों में काम कर रही थीं। इसके कई साल बाद उन्होंने राजनीति में भी एंट्री की, लेकिन इससे पहले उर्मिला ने मार्च 2016 में कश्मीर के व्यवसायी और मॉडल मोहसिन अख्तर मीर से शादी की थी। मोहसिन उनसे नौ साल छोटे थे। शादी के इतने सालों बाद भी दोनों को कोई बच्चा नहीं हुई। शादी के आठ साल बाद अपने पति मोहसिन अख्तर मीर से एक्ट्रेस अब अलग हो गई हैं। उर्मिला और मोहसिन के बीच रोमांस की शुरुआत 2014 में एक हाई-प्रोफाइल शादी से हुई, जहां डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की भतीजी की शादी के दौरान उनका परिचय हुआ था। फिलहाल दोनों ने अपने अलगाव का आधिकारिक ऐलान नहीं किया है। बीते दिनों एक्ट्रेस 'सत्या' की री-रिलीज इवेंट में नजर आईं, जहां कई साल बाद उन्होंने राम गोपाल वर्मा के साथ मंच भी साझा किया।

# अपने वर्कआउट रूटीन में शामिल करें त्रिकोणासन, जानिए इसका अभ्यास और अन्य जरूरी बातें

**त्रिकोणासन योग का एक अहम आसन है, जो शरीर की स्थिरता और संतुलन को बढ़ाने में मदद कर सकता है। यह आसन न केवल शरीर को लचीला बनाता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। हम त्रिकोणासन के विभिन्न रूपों पर चर्चा करेंगे, जो शरीर की स्थिरता को और भी मजबूत बना सकते हैं। इन रूपों को अपनाकर आप अपने योग अभ्यास को और प्रभावी बना सकते हैं।**

## त्रिकोणासन करने का तरीका

सबसे पहले सीधे खड़े होकर पैरों को 3-4 फीट की दूरी पर फैलाएं, फिर दाहिने पैर को 90 डिग्री बाहर और बाएं पैर को थोड़ा अंदर की ओर घुमाएं। बाहों को कंधे के स्तर पर उठाएं, हथेलियां नीचे की ओर रखें। धीरे-धीरे दाहिनी ओर झुकें, दाहिने हाथ से जमीन या टखने को छूने का प्रयास करें, जबकि बायां हाथ सीधा ऊपर रहे। सिर बाईं तरफ घुमाकर ऊपर देखें। कुछ सेकंड तक इस स्थिति में रहें और फिर सामान्य हो आएं।

## नियमित त्रिकोणासन करने से मिलने वाले फायदे

त्रिकोणासन नियमित रूप से करने से शरीर में लचीलापन आता है और मांसपेशियों का तनाव कम होता है। यह आसन रीढ़ की हड्डी के लिए फायदेमंद होता है, जिससे पीठ दर्द में



राहत मिलती है। इसके अलावा यह पेट के अंगों की मालिश करता है, जिससे पाचन तंत्र बेहतर होता है। मानसिक शांति प्राप्त करने के लिए भी यह आसन उपयोगी माना जाता है क्योंकि इससे ध्यान केंद्रित होता है और तनाव कम होता है।

## त्रिकोणासन करते समय सावधानियां बरतें

त्रिकोणासन करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है ताकि किसी प्रकार की चोट या परेशानी न हो। अगर आपको गर्दन या पीठ में कोई समस्या हो तो इस आसन को करते समय विशेष सावधानी बरतें या विशेषज्ञ से सलाह लें। गर्भवती महिलाओं या हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को इसे करने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। हमेशा सुनिश्चित करें कि आपके पैर सही तरीके से स्थित हों ताकि संतुलन बना रहे।

## अन्य योगासनों के साथ त्रिकोणासन आजमाएं

त्रिकोणासन का अभ्यास अन्य योगासनों जैसे वीरभद्रासन या पर्वतासन के साथ किया जा सकता है ताकि शरीर का संतुलन बेहतर हो सके और लचीलापन बढ़े। इन आसनों का संयोजन आपके योग सत्र को अधिक प्रभावशाली बनाता है क्योंकि ये सभी मिलकर पूरे शरीर पर काम करते हैं, जिससे मांसपेशियों में मजबूती आती हैं और मानसिक शांति प्राप्त होती हैं। इस प्रकार त्रिकोणासन एक बहुपयोगी आसन साबित हो सकता है।

# क्या आप पेट की जिद्दी चर्बी से परेशान हैं? किन-किन कारणों से बढ़ता है मोटापा

आज के समय में पेट की चर्बी बढ़ने की समस्या आम हो गई है। इसके लिए अनुचित खान-पान और जीवनशैली को जिम्मेदार माना जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके पीछे कई अन्य कारण भी हो सकते हैं, जिनके बारे में आपको जानकारी होनी चाहिए? इन कारणों को जानकर आप अपने बढ़ते पेट की चर्बी को नियंत्रित कर सकेंगे। आपको बता दें कि कब्ज की समस्या पेट की चर्बी बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होती है। न्यूट्रिशनिस्ट अरबी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने पेट की चर्बी बढ़ने के लिए जिम्मेदार 10 हैरान कर देने वाले कारणों का खुलासा किया है, जिन्हें लोग कब्ज की सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं।

## पेट की चर्बी बढ़ने के कारण

कब्ज एक आम समस्या है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है, लेकिन पेट की चर्बी पर इसके प्रभाव को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। कब्ज के दौरान शरीर में काफी तकलीफ महसूस होती है, लेकिन लोग यह नहीं जानते कि कब्ज के दौरान शरीर में दिखने वाले लक्षण असल में पेट की चर्बी बढ़ने का कारण बनते हैं।

**सूजन:** पुरानी कब्ज शरीर में सूजन पैदा कर सकती है, मेटाबॉलिज्म को धीमा कर सकती है और पेट में वसा का भंडारण बढ़ा सकती है।

**विषैले तत्वों से ग्रस्त शरीर :** कब्ज के कारण शरीर में विषाक्त पदार्थों का निर्माण हो सकता है, जिससे मेटाबॉलिज्म धीमा हो सकता है और वजन कम करना मुश्किल हो सकता है।

**पेट फूलना:** कब्ज के दौरान पेट फूलने की समस्या का सामना करना पड़ता है। इससे आपका पेट सचमुच बड़ा दिखाई देता है।

तनाव और चिंता: पुरानी कब्ज से तनाव और चिंता बढ़ सकती है, जिसके कारण पेट में वसा का संचय बढ़ सकता है।

पोषण संबंधी कमियां : कब्ज के कारण आवश्यक पोषक तत्वों का खराब अवशोषण हो सकता है, जिसमें निम्नलिखित पोषक तत्व शामिल हैं:-

1.**विटामिन बी3 :** मेटाबॉलिज्म और एमर्जी प्रोडक्शन के लिए महत्वपूर्ण

2.**विटामिन बी6 :**मेटाबॉलिज्मऔर फैट लॉस के लिए महत्वपूर्ण

3.**विटामिन बी7 :**मेटाबॉलिज्मऔर फैट लॉस के लिए आवश्यक

**स्लो मेटाबॉलिज्म :** कब्ज पाचन और चयापचय को धीमा कर सकता है, जिससे वजन कम करना और पेट की चर्बी कम करना मुश्किल हो जाता है।

**खराब लाइफस्टाइल:** गतिहीन जीवनशैली से कब्ज बढ़ सकती है, जिससे पेट की चर्बी सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

**आंत संबंधी डिस्बायोसिस:** कब्ज आंत के बैक्टीरिया के संतुलन को बाधित कर सकता है, जिससे शरीर में फैट के प्रसंस्करण और भंडारण के तरीके में परिवर्तन हो सकता है। इससे पेट की चर्बी कम करना मुश्किल हो जाता है।

**जंक फूड का सेवन:** प्रोसेस्ड फूड आइटम्स और चीनी से भरपूर आहार से कब्ज बढ़ सकता है, जिससे पेट की चर्बी सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

### राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड के अध्यक्ष ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को लाभांश चेक भेंट किया

# राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड ने अब तक का सर्वाधिक 35.30 करोड़ रुपये का लाभांश घोषित किया

**नई दिल्ली (पीआईबी)। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड (रा.बी.नि.) ने डीआईपीएएम दिशानिर्देशों के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 35.30 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश घोषित करने की घोषणा की है, जो इसके निवल मूल्य का 5त्न है। अब तक का यह सर्वाधिक लाभांश वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय कृषि विकास में योगदान देने के लिए रा.बी.नि. की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।**



कृषि भवन में आयोजित समारोह में रा.बी.नि. की अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को लाभांश चेक प्रदान किया। इस अवसर पर सचिव श्री देवेश चतुर्वेदी, श्री अजीत कुमार साहू, संयुक्त सचिव (बीज) कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार तथा रा.बी.नि. और कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

रा.बी.नि., कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली एक अनुसूची 'बी'-मिनीरत्न श्रेणी-द्ब कंपनी है। 1963 में स्थापित, रा.बी.नि. भारत में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमाणित बीजों के उत्पादन और वितरण में कार्यरत है।

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, रा.बी.नि. ने अपने वित्तीय प्रदर्शन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। परिचालन से राजस्व पिछले वर्ष के रू 1,078.23 करोड़ से बढ़कर रू 1,143.26 करोड़ हो गया, जबकि कुल आय 2022-23 में रू 1,112.13 करोड़ की तुलना में बढ़कर सर्वाधिक रू 1,182.48 करोड़ हो गई। कंपनी की लाभप्रदता में भी पर्याप्त वृद्धि देखी गई, कर से पूर्व लाभ 64.74प्रतिशत बढ़कर रू 86.81 करोड़ हो गया और कर के पश्चात लाभ 38.15 प्रतिशत बढ़कर सर्वाधिक रू 73.64 करोड़ हो गया।

रा.बी.नि. की परिचालन दक्षता और रणनीतिक बाजार विस्तार ने इस वृद्धि में योगदान दिया। कंपनी ने रू 1005 करोड़ का बीज बिक्री राजस्व हासिल किया, जो पिछले वर्ष के रू 947 करोड़ से अधिक है। विशेष रूप से, गैर-सब्सिडी वाले बीजों की बिक्री रू 847.83 करोड़ से बढ़कर रू 920 करोड़ तक पहुंची है। ऑनलाइन बीज की बिक्री में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो डिजिटल परिवर्तन में रा.बी.नि. के प्रयासों को दर्शाती है। कंपनी ने 992 नए डीलरों की नियुक्ति करके अपनी बाजार उपस्थिति को मजबूत किया, जिससे कुल डीलर नेटवर्क 4,665 हो गया। कंपनी ने 2,126 किसान उत्पादक संगठन और पीएसी और एलएएमपी भी नियुक्त किए हैं।

उत्पादन के मोर्चे पर, रा.बी.नि. ने अपनी क्षमताओं को बढ़ाना जारी रखा और कच्चे बीज का उत्पादन/खरीद 17.10 लाख क्विंटल तक पहुँच गया। बुनियादी ढाँचे में सुधार से समर्थित बीज प्रसंस्करण क्षमता बढ़कर 25.67 लाख क्विंटल हो गई। इसके अतिरिक्त, रा.बी.नि. ने सरकारी कृषि पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, सरकार, राज्य सरकारों, डीलरों को बीज की आपूर्ति की और ओएनडीसी प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन बिक्री भी की।

रा.बी.नि. अपने पाँच बड़े फार्मों में बीज का उत्पादन कर रही है, जो राजस्थान के सरदारगढ़, सूरतगढ़, जेतसर, हरियाणा के हिसार और कर्नाटक के रायचूर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 21,841 हेक्टेयर है और 14,166 पंजीकृत उत्पादक इसके बीज उत्पादन में लगे हुए हैं। कंपनी क्रमिक रूप से परीक्षण बीजों से लेकर प्रजनक बीजों, आधारभूत बीजों और प्रमाणित बीजों का उत्पादन करती है। कंपनी 11 क्षेत्रीय कार्यालयों, 48 प्रक्षेत्र कार्यालयों, 29 उत्पादन केंद्रों, 75 बीज प्रसंस्करण संयंत्रों, 7 वातानुकूलित बीज भंडारण सुविधाओं और 180 बीज भंडारण गोदामों के माध्यम से कार्य करती है। कंपनी के पास 4 गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाएँ और 1 डीएनए फिंगर प्रिंटिंग प्रयोगशाला है।

रा.बी.नि. देश भर के किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने के अपने मिशन के लिए प्रतिबद्ध है। निगम गुणवत्ता और स्थिरता को प्राथमिकता देना जारी रखता है, जिससे जैव-फोर्टिफाइड और जलवायु अनुकूल बीज किस्मों की विविध रेंज की उपलब्धता सुनिश्चित होती है। उत्पाद टोकरी में 80 फसलें और 900 किस्में/संकर शामिल हैं जिनमें अनाज, तिलहन, दलहन, बाजरा, चारा, फाइबर, हरी खाद और सब्जियों की विस्तृत श्रृंखला शामिल है। खट्टे फल, अनार, अमरूद, आम, आंवला, सजावटी पौधे और वानिकी पौध/पौधे जैसे फलों की फसलों के पौधे भी तैयार किए जा रहे हैं। रा.बी.नि. भारत की बदलती कृषि-जलवायु परिस्थितियों को पूरा करने और किसानों को राष्ट्र के कृषि विकास में योगदान देने के लिए समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। रा.बी.नि. के सभी बीज और अधिकांश रोपण सामग्री ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) पर उपलब्ध हैं। इन्हें ऑनलाइन ऑर्डर किया जा सकता है तथा इन्हें लॉजिस्टिक भागीदारों के माध्यम से घर पर डिलीवर किया जाता है। रा.बी.नि. बीज और रोपण सामग्री को 30+ ओएनडीसी ऐप में से किसी पर भी खोजा जा सकता है, जो इंटरऑपरेबल हैं, और ऑनलाइन ऑर्डर दिया जा सकता है।

## दिल्ली में परिवर्तन की लहर, आप दा सरकार की विदाई तय, भाजपा की बनेगी डबल इंजन सरकार : अरुण साव



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर में कहा कि, कांग्रेस का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा होता है, ये झूठे सपने दिखाते हैं। ये जनता को धोखा देने के लिए घोषणा पत्र लाती है। विधानसभा चुनाव 2018 में इन्होंने 36 वादे किए थे, जिसमें से एक भी वादे पूरे नहीं किए और जनता जनार्दन ने इसका बदला ले लिया। अब नगरीय निकाय चुनाव में भी सबक सिखाएगी। साव ने कहा कि, कांग्रेस देश और राज्य के हितों के विपरीत कार्य करती है, इसलिए जनता इससे दूर जा चुकी है।

उप मुख्यमंत्री साव ने गरीबों को पट्टा देने की योजना पर कहा कि, कांग्रेस झूठ बोलना बंद करें। सरकार कानून में परिवर्तन करके नजूल भूमि के पट्टाधारक को भू-स्वामित्व का अधिकार देगी। वहीं निकायों में समेकित कर और बिजली बिल पटाने वालों को प्रधानमंत्री आवास देने की योजना बनाई है। हमने अटल विश्वास पत्र में गरीबों को पीएम आवास देने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि, आदरणीय प्रधानमंत्री ने हर गरीब को पक्का मकान दिलाने की योजना बनाई है। हमारी सरकार गांव और शहरों में प्रत्येक गरीब को पीएम आवास देने के लिए संकल्पित है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग जारी है। इस पर साव ने कहा कि, दिल्ली में परिवर्तन की लहर है, आप दा की सरकार जाने वाली है। जनता आखिरी किल ठोकने वाली है। दिल्ली में कमल खिलेगा, डबल इंजन की सरकार बनेगी।दिल्ली तेज गति से आगे बढ़ेगा।

# निर्वाचन की सभी तैयारियों को दें अंतिम रूप : कार्तिकेया गोयल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन कार्यों की तैयारी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि निर्वाचन कार्यों के अंतर्गत सभी अधिकारी-कर्मचारी उनको दिए गए दायित्वों का निर्वहन पूरी सजगता से करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान दलों के प्रशिक्षण के साथ ही अब ईवीएम के रेंडमाइजेशन का काम पूरा किया जाएगा। जिसके पश्चात मशीनों की कमीशनिंग का कार्य निर्धारित गाइडलाइन और समयावधि में पूरा करना है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाए।

कलेक्टर श्री गोयल ने ईवीएम मशीनों के डेमो प्रदर्शन जिले के सभी नगरीय निकायों के वार्डों में तय शेड्यूल के अनुसार पूरा करें। इससे लोगों को ईवीएम से मतदान के पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सभी बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करवा लें। कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान सामग्री वितरण की तैयारियों के साथ ही सभी नगरीय में स्ट्रांग रूम में जरूरी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति के लिए अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे लोगों को पेयजल के लिए समस्या न हो।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि बीते दिनों बर्ड फ्लू का मामला रायगढ़ में आया। इसको लेकर भारत सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार एहतियाती कदम उठाए गए हैं। 'इंफेक्टेड और सर्विलांस' जोन बनाकर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से पोल्ट्री उत्पादों को लेकर इन जोन में निगरानी रखी जाए।

# नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाले मानकों को आकार देने में शिक्षा-उद्योग सहयोग की आवश्यकता

**नई दिल्ली (पीआईबी)।** भारतीय मानक ब्यूरो के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पर वार्षिक सम्मेलन के दौरान कहा कि नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाले मानकों को आकार देने में शिक्षा-उद्योग सहयोग की आवश्यकता है ।



भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग के अंतर्गत भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने नोएडा स्थित अपने राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान एवं विकास संगठनों के डीन और विभागाध्यक्षों के लिए वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया। शैक्षणिक और अनुसंधान संगठनों के साथ आयोजित किए जा रहे सम्मेलनों की श्रृंखला में, यह स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पर केंद्रित पहला सम्मेलन था। सम्मेलन में 28 संस्थानों के लगभग 36 प्रतिभागी मौजूद थे, जिनका प्रतिनिधित्व डीन, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और अनुसंधान संगठनों के विशेषज्ञ कर रहे थे।

सम्मेलन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में मानकीकरण के बारे में जागरूकता पैदा करना और इस क्षेत्र में भारतीय मानक ब्यूरो की मानकीकरण गतिविधि को मजबूत करने के लिए शिक्षाविदों और अनुसंधान संगठनों के साथ सहयोग के अवसरों का पता लगाना था। भारतीय मानक ब्यूरो का उद्देश्य भारतीय मानकों की उपयोगिता को मजबूत करना है जो विशेष रूप से उद्योगों या उपभोक्ता समूहों तक सीमित नहीं हो सकते हैं, बल्कि शिक्षाविदों के लिए तकनीकी रुचि के भी साबित हो सकते हैं। संस्थानों के साथ जुड़ने का यह अभ्यास अकादमिक और शोध क्षेत्र के अंतर्गत मानकों के बारे में अधिक जागरूकता के लिए एक पहल है जो उनकी सक्रिय भागीदारी और मानकों को विकसित करने की मांग करता है।

श्री तिवारी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भारत के विनिर्माण आधार को मजबूत करने के महत्व पर चर्चा की। श्री तिवारी ने उपस्थित लोगों को शैक्षणिक संस्थानों में मानकीकरण के 'अध्यक्षों' की नियुक्ति और सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने संस्थानों में ओरिएंटेशन कार्यक्रमों और विभिन्न विषयों में वार्षिक सम्मेलनों सहित भारतीय मानक ब्यूरो की पहलों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने विशेषज्ञों से भारतीय मानक ब्यूरो तकनीकी समितियों में सक्रिय रूप से भाग लेने, अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में शामिल होने और सीखने को बढ़ाने के लिए मानकों को इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में एकीकृत करने का आग्रह किया। उन्होंने सीमित विनिर्माण आधार और सीमित अनुसंधान क्षमताओं की चुनौतियों की पहचान करके निष्कर्ष निकाला, और भारतीय मानकों को वैश्विक मान्यता प्राप्त करने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के साथ तालमेल बिठाने की आवश्यकता पर बल दिया।

चंदन बहल, वैज्ञानिक-जी और डीडीजी (अंतर्राष्ट्रीय संबंध) ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया। अपने संबोधन के दौरान, उन्होंने ऐसे मानक बनाने पर जोर दिया जो न केवल वैज्ञानिक रूप से उन्नत हों, बल्कि जरूरतों के हिसाब से समयोचित भी हों। उन्होंने अकादमिक और शोध संगठनों के महत्व पर भी जोर दिया, जो इस क्षेत्र के नवीनतम तकनीकी ज्ञान वाले एक महत्वपूर्ण हितधारक हैं। उन्होंने सम्मेलन को मानकों के ज्ञान को अनुसंधान समुदायों और विद्वानों तक ले जाने और भविष्य के मानकीकरण में अनुसंधान समुदाय की भागीदारी की शुरुआत के रूप में वर्णित किया।

# बोर्ड परीक्षाओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करेंः कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बालोद। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। श्री चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।**

बैठक में कलेक्टर ने 01 मार्च से प्रारंभ होने वाले कक्षा 12वीं एवं 03 मार्च से शुरू होने वाले 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं की आयोजन के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान श्री चन्द्रवाल ने जिले में निर्विघ्न रूप से बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन सुनिश्चित कराने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं नूतन कंवर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में श्री चन्द्रवाल ने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी से अभी हाल में ही संपन्न प्री बोर्ड परीक्षा के परीणाम के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिले में बोर्ड परीक्षा के परिणाम को उत्कृष्ट बनाने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा के आयोजन के तैयारी हेतु बुधवार 05 फरवरी को समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने जिले में 09 फरवरी को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को परीक्षा के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाना करकाभाट के प्रबंध संचालक से शक्कर कारखाना में गन्ने की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जिले में गन्ने के पैदावार बढ़ाने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में भी जानकारी ली।

श्री चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक को इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजेन्द्र राठिया एवं शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक को स्थल निरीक्षण कर गन्ने के पैदावार बढ़ाने हेतु किए जा रहे उपायों की जानकारी लेने के निर्देश भी दिए।

# केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव नहीं

**नई दिल्ली (पीआईबी)।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अंतर्गत-केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) बरगढ़, ओडिशा सहित हजारीबाग (झारखंड), गेरुआ (असम) और नायरा (आंध्र प्रदेश) में स्थित अपने तीन क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों के साथ देश के विभिन्न राज्यों की विभिन्न पारिस्थितिकी में चावल की खेती की उत्पादकता, लाभप्रदता और स्थिरता बढ़ाने के लिए पर्यावरण अनुकूल तकनीकों का विकास और प्रसार करता है। इसके अलावा, हैदराबाद (तेलंगाना) स्थित भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआईआरआर) भी देश में चावल अनुसंधान कार्य करता है।



इन संस्थानों के अलावा, भुवनेश्वर स्थित ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ओयूएटी) ओडिशा में चावल पर अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियां संचालित होती हैं। इसलिए, अभी ओडिशा के बरगढ़ में केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

चावल की फसल के लिए उपरोक्त दो राष्ट्रीय संस्थानों द्वारा कई जलवायु अनुकूल तकनीकें/उत्पाद विकसित किये गये हैं और उनके परीक्षण और मूल्यांकन हुए हैं। बरगढ़ के किसानों को ऐसी किस्मों और तकनीकों का लाभ मिल रहा है।

आईसीएआर को अपने उपरोक्त दो अनुसंधान संस्थानों के माध्यम से सुदृढ़ और प्रभावी अनुसंधान कार्यों द्वारा देश भर में चावल की उत्पादकता बढ़ाने हेतु प्रौद्योगिकी विकसित करने का राष्ट्रीय अधिदेश मिला हुआ है। ओडिशा और भारत के विभिन्न राज्यों में उन्नत किस्मों और प्रौद्योगिकियों को अपनाने और कृषि लागत कम कर उपज बढ़ाने पर अनुसंधान किए गए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने आज लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।






















## खास खबर



### तीन दोस्त लापता : हसदेव में नहाने गए और फिर नहीं लौटे, नदी किनारे मिले कपड़े, जूते व मोबाइल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से बड़ी खबर आ रही है। यहां तीन दोस्त सोमवार से लापता हैं। तीनों दोस्तों के चप्पल-जूते, कपड़े, मोबाइल और बाइक हसदेव नदी किनारे मिले हैं। बताया जा रहा है कि तीनों नहाने हसदेव नदी गए और उसके बाद से लापता है। मौके से मिले कपड़े, जूते, मोबाइल व बाइक को देख आंशका जताई जा रही है कि तीनों नदी में डूब गए हैं। फिलहाल पुलिस व एसडीआरएफ की टीम के साथ स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजबीन जारी है।

मिली जानकारी के मुताबिक आशुतोष सोनिकर (18) बजरंग प्रसाद (19) और सागर चौधरी (26) लापता हैं। परिजनों ने बताया कि आशुतोष सोनिकर आईटीआई कॉलेज, बजरंग प्रसाद और सागर चौधरी पीजी कॉलेज के छात्र हैं। आशुतोष और बजरंग प्रसाद के पिता सीएसईबी कर्मचारी हैं और ये दोनों सीएसईबी कॉलोनी के रहने वाले हैं, जबकि सागर चौधरी आईटीआई कॉलोनी में रहता है, उसके पिता निजी कंपनी में काम करते हैं। सोमवार को तीनों एक साथ गए और उसके बाद से नहीं लौटे।

परिजनों ने बताया कि नहीं लौटने पर उन्होंने पतासाजी शुरू की। इसके बाद सोमवार को दर्री थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने तीनों के मोबाइल नंबर के आधार पर उनकी लोकेशन ट्रेस की। मंगलवार को पुलिस उस जगह पर पहुंची। जहां पर मोबाइल मिले वहां कपड़े, जूते व बाइक भी मिली। परिजनों ने कपड़ों को पहचान लिया। पुलिस ने आशंका जताई कि तीनों नहाने के लिए नदी में गए और संभवतः डूब गए हों या बह गए हों। इसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ व स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। मंगलवार को रात होने पर रेस्क्यू रोक दिया गया। बुधवार की सुबह फिर से तलाश शुरू की गई है। पुलिस ने बताया कि जहां पर तीनों नहाने उतरे वहां पर 15 से 20 फीट की गहराई है। साथ ही नदी में जलकुंभी भी भारी मात्रा में है। खबर लिखे जाने तक नदी में तीनों की तलाश की जा रही थी।

### टाटीबंध से पकड़ाई डेढ़ लाख की हेरोइन, मनप्रीत सिंह गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टाटीबंध इलाके से हेरोइन (चिट्टा) की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में 15.09 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1,50,900 रुपये आंकी गई है। थाना आमानाका के पुलिस सूत्रों के मुताबिकमुखबिर से सूचना मिली कि टाटीबंध स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोइन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदेही मनप्रीत सिंह उर्फ मन्नु (30) को पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ में उसने अपना नाम मनप्रीत सिंह उर्फ मन्नु पुत्र सुरेंद्र सिंह, निवासी साकरे मुर्गी फार्म, टाटीबंध, रायपुर बताया। तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से दो सफेद प्लास्टिक पॉलिथीन में 15.09 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। मौके पर ही फॉरेंसिक जांच करवाई गई, जिसमें पुष्टि हुई कि यह प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोइन है। पुलिस ने मौके पर ही मादक पदार्थ को जब्त कर पंचनामा तैयार किया। साथ ही आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(B) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि वह इस अवैध कारोबार में कितने समय से लिप्त था और उसके अन्य साथी कौन-कौन हैं।

### ट्रक से 20 लाख की शराब जब्त

**कवर्धा।** आबकारी विभाग और कवर्धा पुलिस की संयुक्त टीम को शराब तस्करी मामले में बड़ी सफलता मिली है। 20 लाख रुपए से अधिक की शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मध्यप्रदेश से बड़ी मात्रा में शराब ट्रक में भरकर आ रही थी। जिसे नगरीय निकाय चुनाव में खपाए जाने की आशंका जताई जा रही है। यह मामला चिल्फी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक में बड़ी संख्या में शराब भरकर छत्तीसगढ़ की ओर आ रही है। आबकारी विभाग की टीम ने मंगलवार देर रात नाकेबंदी कर शराब तस्कर को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेश जमरे और इंदौर का रहने वाला बताया। ट्रक पर एमपी 09 जीएच-5531 नंबर लिखा हुआ था।

# भिलाई में पोल से टकराई हाइवा : जिस बाइक सवार को मारी थी ठोकर, ऑपरेशन कर काटना पड़ा उसका पैर, आईसीयू में भर्ती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मंगलवार सुबह भिलाई पावर हाउस में के फ्लाईओवर में हाइवा चालक की लापरवाही का खामियाजा बीएसपी कर्मचारी को भुगतना पड़ा है। स्टील नगर कैंप-1 निवासी बीएसपी कर्मी ड्यूटी जा रहा था और इस दौरान फ्लाइओवर पर रांग साइड में आ रही हाइवा की चपेट में आ गया और इसके बाद हाइवा नीचे पोल से टकराई। इस हादसे में बीएसपी कर्मी का एक पैर बुरी तरह से कुचल गया। सेक्टर-9 अस्पताल में ऑपरेशन का उसका पैर घुटने के ऊपर से काट दिया गया। फिलहाल बीएसपी कर्मी आईसीयू में है।



बता दें मंगलवार की सुबह नंदिनी रोड़ की ओर सेक्टर -1 से आ रही रेत से भरी हाइवा अनियंत्रित होकर पोल से टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाइवा पोल से फंस गई। इसमें ड्राइवर तीन घंटे तक फंसा रहा। एसडीआरएफ की टीम व गैस कटर की मदद से चालक को बाहर निकाला गया। हाइवा चालक की पहचान विरेंद्र साहू (35 साल) के रूप में हुई। वो किलेपार बालोद का रहने वाला है। उसे दुर्ग जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में बीएसपी कर्मी के बेटे देवेन्द्र पूर्णा उम्र 27 साल की शिकायत पर हाईवा वाहन क्रमांक CG 07 N-2697 के चालक के खिलाफ छावनी पुलिस ने धारा 125(a)-BNS, 281-BNS के तहत अपराध भी दर्ज किया है।

### बीएसपी कर्मी को मारी थी ठोकर

पोल से टकराने से कुछ सेकेंड पहले हाइवा ने बाइक पर ड्यूटी जा रहे बीएसपी कर्मी को ठोकर मारी थी। हाइवा का पूरा पहिया उसकी पैर से गुजर गया। बीएसपी कर्मी की पहचान रामफल पुरना के रूप में हुई है। वह बीएसपी के कोक ओवन में काम करता है। हाइवा की चपेट में आने के बाद उसे सेक्टर 9 हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टरों ने परिजनों से सलाह कर रामफल का ऑपरेशन किया और पैर को घुटने के ऊपर से काट दिया। इसके बाद उसे आईसीयू में रखा गया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

### पति को छोड़ पत्नी गई मायके, हाईकोर्ट पहुंचा युवक

**बिलासपुर (ए.)।** कोरबा के युवक और पश्चिम बंगाल की युवती के बीच ऑनलाइन गेम के माध्यम से दोस्ती हुई और दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। बाद में उन्होंने शादी कर ली। लेकिन, कुछ समय में ही युवती ने युवक के साथ रहने का इरादा बदल दिया और वो अपनी मां के साथ चली गई। इधर, युवक ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर दी। यह याचिका, किसी व्यक्ति को गैरकानूनी रूप से हिरासत में रखे जाने पर रिहाई दिलाने के लिए दायर की जाती है।

केस की सुनवाई हुई, तब युवती ने अपने माता-पिता के साथ रहने की बात कही। जिस पर डिवीजन बेंच ने कहा कि माता-पिता के साथ रहना अवैध हिरासत नहीं है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र अग्रवाल ने युवक की याचिका को खारिज कर दिया है। दरअसल, कोरबा में रहने वाले शंकर गवेल पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर की लड़की के साथ ऑनलाइन गेम खेलता था। साल 2023 में उनकी पहचान हुई। जिसके बाद दोनों आपस में चैट पर बातचीत करने लगे। तब लड़की नाबालिग थी। कुछ समय बाद उनकी दोस्ती हुई। फिर दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। जिसके बाद उन्होंने बालिग होने पर शादी करने का फैसला किया था।

### संबंध बनाने दिया ऑफर और कर दी हत्या, प्रेमिका अपने पिता के साथ गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** जिस्म की चाह में प्यार के दर्दनाक अंत का एक मामला सामने आया है। बार-बार संबंध की चाह रखने वाले प्रेमी को उसकी प्रेमिका ने पिता के साथ मिलकर दर्दनाक मौत की सजा दे दी। प्रेमिका ने अपने प्रेमी को संबंध बनाने का झांसा देकर अपने घर बुलाया और पिता के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। प्रेमी के कपड़े घर से कुछ किलोमीटर दूर जला दिए और उसकी लाश को जंगल के नाले में फेंक दिया और उस पर टूटी हुई डालियां ढक दी, जिससे हत्या का राज न खुले। लेकिन कहते हैं कि कानून के हाथ लंबे होते हैं और गुनहगार कितना भी होशियार क्यों न हो, कोई न कोई सबूत जरूर छोड़ता है, हुआ भी कुछ ऐसा ही, हत्या के इस मामले पिता-पुत्री की चालाकी नहीं चली और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ पुलिस ने सुलझा लिया है।

बता दें, मृतक सुनील कुमार 22 जनवरी को राजनांदगांव न्यायालय में पेशी के लिए निकला था। लेकिन दूसरे दिन तक भी वापिस नहीं लौटने और लगातार फोन बंद आने पर परिजनों ने चार-पांच दिन तक रिश्तेदारों और सगे-संबंधियों में उसकी खोजबीन की, लेकिन फिर भी उसका कोई पता नहीं चला। 27 जनवरी को उसके बड़े भाई पवन कुमार उइके ने खड़गांव थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने लापता सुनील की खोजबिन शुरू की। इस दौरान होने के बाद उसकी मोबाइल लोकेशन और सीडीआर जांच में पता चला कि खड़गांव थाना क्षेत्र के ग्राम घोड़ागांव निवासी सीमा उइके ने 22 और 23 जनवरी की रात को सुनील के मोबाइल पर फोन किया था, जिसके बाद से उसका फोन बंद हो गया। वहीं पुलिस को सुनील का बैग भी घोड़ागांव के एक खेत के पास मिला। इन साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले को सुलझाया और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# आईईडी की चपेट में आने से तीन जवान घायल, बेहतर उपचार के लिए भेजा गया रायपुर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार की सुबह बीजापुर और दंतेवाड़ा की सीमा में नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से तीन जवान घायल हो गए, जिन्हें एमआई 17 की मदद से बेहतर उपचार के लिए रायपुर ले जाया गया। बताया जा रहा है कि घायल जवान सीआरपीएफ बटालियन के हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत संयुक्त टीम के साथ ही सीआरपीएफ 231 बटालियन के जवान सर्चिंग पर सोमवार की सुबह निकले थे, बीजापुर और दंतेवाड़ा सीमा से लगे पुरगेल गाँव के पास नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने तीन जवान सीआरपीएफ के घायल हो गए। इस घटना के तत्काल बाद जगदलपुर से आलाधिकारियों की टीम ने एमआई 17 को भेजा, जहाँ घायल दोनों जवान को एमआई 17 की मदद से बीजापुर से सीधा रायपुर ले जाया गया। अभी तीनों जवानों की हालत खतरे से बाहर है।



### नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की गला रेत कर की हत्या

बीजापुर। बीजापुर जिले में इन दिनों त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव की सरगर्मी के बीच नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की गला रेत कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के तर्रेम थाना क्षेत्र के ग्राम बुड़गीचेरु निवासी कारम राजू पिता बारे उम्र 32 तालाब पारा व माड़वी मुन्ना पिता सुकडा उम्र 27 निवासी नयापारा की बीती रात मध्य रात में धारदार हथियार से गला रेत कर निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी। घटना की सूचना पर तर्रेम थाना द्वारा सूचना की तस्दीक व अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# मधुमक्खी के काटने से व्यापारी की हुई मौत, नगर में दहशत का माहौल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर।** नगर के व्यापारी 50 वर्षीय सुरेश गुप्ता मधुमक्खी काटने के बाद बाइक चलाकर अस्पताल पहुंचे थे। गेट पर हुए परिचित नेत्र सहायक मनोज उपाध्याय को बताया कि होटल के पास खड़ा था मधुमक्खी काट दिया उनके द्वारा मधुमक्खी का एक डंक भी निकला गया तब तक वह पूर्णता स्वस्थ थे और ठीक-ठाक बातचीत भी कर रहे थे। अस्पताल के अंदर खुद गए पर्ची कटवाया एवं इलाज करवाने लगे परंतु इसी दौरान उनकी मृत्यु हो गई घटना की खबर जैसे ही नगर में फैली तो बड़ी संख्या में शुभचिंतक मिलने पहुंचे सभी ने घटना पर गहरा दुख किया। मधुमक्खी काटने से 2 दिन में 10 से अधिक लोग घायल हो हुवे। मधुमक्खी काटने से तीन लोगों का इलाज 100 बिस्तर अस्पताल में जारी है।

जानकारी के अनुसार जलकेश्वर के आसपास मधुमक्खी का छत्ता से मधुमक्खी के बिदकने 100 बिस्तर अस्पताल के आसपास के क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं आज सुबह 10:30 के करीब मधुमक्खी फिर से विदक गई इसके चपेट मैं नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी सुरेश गुप्ता आगे जो होटल के पास खड़े थे मधुमक्खी काटने के बाद में अस्पताल खुद इलाज करने पहुंचे एवं इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

वहीं स्कूल जा रही स्नेहा पासवान पिता रोहित पासवान उम्र 17 वर्ष को हॉस्पिटल गेट के पास मधुमक्खी ने काटा तो अस्पताल के पास ही होटल का संचालन करने वाले राजेश कश्यप उम्र 64 वर्ष को मधुमक्खी काटने से गंभीर घायल हो गए वही एक दिन पूर्व श्रद्धा गिरी जो बिहार के रहने वाले हैं उन पर मधुमक्खी बुरी तरीका से काटे थे जिनका इलाज चल रहा है सभी खतरे से बाहर हैं। घटना की सूचना पर रमन अग्रवाल, मधु गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। रमन अग्रवाल ने कलेक्टर से बात कर मधुमक्खी के छत्ता को हटाने के लिए उचित पहल करने की बात कही।

### गाइड लाइन का उल्लंघन करने वाले 8 होटलों पर कार्रवाई, प्रशासन ने ठोका 65 हजार का जुर्माना

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में बर्ड फ्लू के दस्तक के बाद शासन प्रशासन ने विशेष दिशा निर्देश जारी किए थे। शहर में बर्ड फ्लू नियंत्रण के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने पर नगर निगम रायगढ़ द्वारा आमंत्रण होटल, जानकी होटल, पंजाब होटल सहित कुल 8 होटलों पर 65 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

बता दें रायगढ़ के पोल्ट्री में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद यहां भारी मात्रा में मुर्गियों, चूजे व अंडों को नष्ट किया गया था। इसके बाद शहर में बर्ड फ्लू के नियंत्रण के लिए विशेष दिशा निर्देश भी जारी किए गए। नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि जांच दल द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान इन होटलों में पोल्ट्री पदार्थ पकाते हुए पाया गया, जिसे तुरंत बंद कराया गया। साथ ही सभी होटल प्रबंधनों को बर्ड फ्लू से संबंधित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।

इसके अलावा चक्रधर नगर पोल्ट्री फार्म में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के संक्रमण वायरल टेस्ट किए गए, जिनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है। स्वास्थ्य विभाग ने 'इंफेक्टेड जोन' में डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाकर लोगों को सर्दी-बुखार जैसी कोई भी समस्या होने पर तुरंत उपचार लेने की सलाह दी है। नगर निगम की टीम द्वारा पोल्ट्री बाजारों की लगातार जांच जारी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी होटल या विक्रेता प्रतिबंधों का उल्लंघन न करे। बर्ड फ्लू नियंत्रण प्रोटोकॉल के तहत स्वास्थ्य विभाग संक्रमित क्षेत्रों में लोगों की स्वास्थ्य निगरानी कर रहा है और आवश्यक चिकित्सा परामर्श प्रदान कर रहा है। नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे बर्ड फ्लू को लेकर सतर्क रहें, सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और वायरल बुखार की स्थिति में तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

# म्यूल खातों का भंडाफोड़, चार और आरोपी धराए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** पुलिस मुख्यालय रायपुर की तकनीकी सेल द्वारा साइबर ठगी से जुड़ी बड़ी कार्रवाई में करोड़ों रुपये के लेन-देन में इस्तेमाल किए गए म्यूल बैंक खातों का खुलासा हुआ है। इन खातों का उपयोग साइबर ठगों द्वारा धोखाधड़ी से प्राप्त राशि को जमा करने, खर्च करने और बढ़ाने के लिए किया जाता था। इस संबंध में थाना चक्रधरनगर को पुलिस मुख्यालय से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर 59 बैंक खाताधारकों और अन्य संबंधितों पर 3 फरवरी 2025 को अपराध क्रमांक 58/2025 के तहत धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बीएनएस के तहत धोखाधड़ी और संगठित अपराध की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

साइबर ठगी का खेल जांच में पाया गया कि हेमंत मालाकार निवासी बासनपाली थाना पुसौर, स्थानीय खाताधारकों से उनके बैंक खाते प्राप्त कर आर्य शुबल पटेल निवासी बाझिनपाली जूटमिल को सौंपता था। इसके बाद, आर्य शुबल पटेल इन खातों को आगे साइबर ठगों को उपलब्ध कराता था। इस प्रक्रिया में दोनों को भारी कमीशन मिलता था। इस संबंध में आगे विस्तृत जांच की जा रही है। आरोपियों के खातों में लाखों का लेन-देन जांच के दौरान साइबर सेल रायगढ़ से प्राप्त दस्तावेजों में खुलासा हुआ कि 1. कौशल सिदार के खाते में एक बार में 1,00,000 जमा हुआ। 2. धनीचरण बरेठ के खाते में 14 बार अलग-अलग तारीखों में कुल 8,50,000 ट्रांसफर किए गए। खाताधारकों को यह स्पष्ट जानकारी थी कि यह धनराशि साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त की गई है और यह अवैध संपत्ति है। पूछताछ में चारों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

गिरफ्तार आरोपी में आर्य शुबल पटेल (31) निवासी बाझिनपाली, जूटमिल, रायगढ़, हेमंत मालाकार (25) निवासी बासनपाली, पुसौर, रायगढ़, कौशल सिदार (22) निवासी नंदेली, कोतरारोड़, रायगढ़ और धनीचरण बरेठ (26) निवासी कुसमुरा, कोतरारोड़, रायगढ़ शामिल हैं। पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी एसपी दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन पर इस कार्रवाई में साइबर सेल डीएसपी अनिल विश्वकर्मा, निरीक्षक प्रशांत राव, थाना प्रभारी चक्रधरनगर, उप निरीक्षक गेंदलाल साहू, प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे के साथ साइबर सेल और थाना चक्रधरगर स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रायगढ़ पुलिस ने अपील की है कि लोग म्यूल खातों के जाल में न फंसे और अपने बैंक खाते को अनजान व्यक्तियों के साथ साझा न करें। रायगढ़ पुलिस का यह अभियान साइबर अपराधियों पर लगातार जारी रहेगा।



### रायपुर के प्लानेट होटल में पुलिस का छापा, 2 संदिग्ध हिरासत में

**रायपुर।** राजधानी के पुरानी बस्ती थाना इलाके में प्लानेट होटल में पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया जिसके चलते पुलिस ने बस स्टैंड के पास प्लानेट होटल में भी चेकिंग की जिसमें पुलिस को संदिग्ध अवस्था में 4 लोग मिले। मामलें में जानकारी देते हुए नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन ने जनता से रिश्ता को बताया है कि पुलिस ने रूटीन चेकिंग के लिए होटलों में दबिश दे रही थी तभी कुछ लोग संदिग्ध हालत में मिले जिन्हें पूछताछ करने के लिए थाने लाया गया है। जिसमें 4 लोग शामिल थे मगर 2 लोगों के दस्तावेजों की जांच की गई जिसमें सभी जानकारी सही होने की वजह से उनको क्लीन चिट दिया गया है। वही अभी भी 2 लोगों को हिरासत में लेकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

**Urgent Requirements**

**Profile:** Senior Accountant.Job
**Types:** Full-time, Permanent,
**Experience:** 5-8 years. Pay: 20,000.00 - 40,000.00 per month
**Working Time:-** 10.00am To 7.00Pm
**Qualification:** Bachelor's in Accounting/Finance (CA/CPA/MBA preferred).

**Cont. No. 6232 926 014**












# चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर को एमसीएच सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की 3 सीटों की मंजूरी, मिलेंगी यह सुविधाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के कैंसर विभाग (रेडिएशन ऑन्कोलॉजी) को राष्ट्रीय कैंसर दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (चिकित्सा शिक्षा - 1) ने नेशनल मेडिकल कमीशन (एन.एम.सी.) को निर्देशित किया है कि चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विषय में सुपर स्पेशलाइजेशन पाठ्यक्रम (एम.सी.एच.) के लिए 03 सीटों की स्वीकृति प्रदान की जाए।

इससे यह महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम इसी शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ किया जा सकेगा।




### पिछले साल दिया गया था आवेदन

महाविद्यालय के एनएमसी सेल के चेयरमैन डॉ. अरविंद नेरल ने बताया कि गत वर्ष इस पाठ्यक्रम के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन कुछ कमियों के कारण एन.एम.सी. ने एल.ओ.पी. (लेटर ऑफपरमिशन) जारी नहीं किया था। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इन कमियों को दूर कर दो बार पुनर्विचार के लिए अपील की गई। हाल ही में एन.एम.सी. के निर्देशानुसार सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. आशुतोष गुप्ता को व्यक्तिगत रूप से नई दिल्ली भेजा गया, जहां स्टाफ, अधोसंरचना, उपकरण, क्लिनिकल सुविधाओं और उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की गई। संतोषजनक मूल्यांकन के बाद एन.एम.सी. ने एम.सी.एच. पाठ्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की।

उल्लेखनीय है कि चिकित्सा महाविद्यालय के कैंसर विभाग में पहले से एम.डी. (रेडियोथेरेपी) की 6 मान्यता प्राप्त सीटें पहले से संचालित की जा रही हैं। सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विषय में सुपर स्पेशलाइजेशन पाठ्यक्रम की स्वीकृति के बाद अब प्रदेश के कैंसर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल पाएगी। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी और सर्जिकल आंकोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. आशुतोष गुप्ता ने बताया कि रायपुर मेडिकल कॉलेज मध्य भारत का पहला शासकीय चिकित्सा संस्थान है, जहां यह विशेष पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है।

### कैंसर मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

एम.सी.एच. सर्जिकल ऑन्कोलॉजी पाठ्यक्रम के शुरू होने से कैंसर के मरीजों को उन्नत शल्य चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। प्रदेश को सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के सुपर-विशेषज्ञ मिलेंगे। चिकित्सा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और शोध के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से छत्तीसगढ़ के कैंसर रोगियों को अत्याधुनिक उपचार की सुविधा मिलेगी और चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर कैंसर उपचार और शोध के क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा।

---

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह दिवसीय दौरे पर पहुंचे सुकमा

# स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत मतदान पूर्व तैयारियों की जायजा लेने एक दिवसीय सुकमा प्रवास पर रहे। उनके साथ राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं नोडल अधिकारी नगर पालिका एवं पंचायत निर्वाचन (पुलिस) ओ.पी. पाल भी उपस्थित थे।



राज्य निर्वाचन आयोग अजय सिंह ने सुकमा जिले के हैलीपैड में स्थित मीटिंग हाल में जिले वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चुनाव की अदयतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सुचारू रूप से संचालन एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी। उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों में कुल 17 हज़ार 511 मतदाता एवं त्रिस्तरीय पंचायत में 1 लाख 70 हज़ार 228 मतदाता है। नगरीय निकायों में मतदान केंद्र 31 हैं, जिसमें संवेदनशीलता के आधार पर सभी सामान्य मतदान केंद्र हैं। वहीं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए 375 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से संवेदनशील 217 एवं अति संवेदनशील 104 मतदान केंद्र हैं। उन्होंने जिले के समस्त मतदान केन्द्रों की भौतिक स्थिति से अवगत कराया और संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। वहीं पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने जिले में मतदान केन्द्रों के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह बैठक के पश्चात प्राथमिक शाला जनपदपारा सुकमा में स्थित मतदान केंद्र पहुँचे। मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

इसके पश्चात श्री सिंह ने शासकीय आईटीआई कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी सहित अन्य सभी आवश्यक मूलभूत आवश्यकताओं को समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने मतगणना स्थल में बिजली, पेयजल, शौचालय, पर्याप्त बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, निर्वाचन अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था, मतगणना कक्ष की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

स्ट्रॉग रूम के निरीक्षण के पश्चात श्री सिंह कुम्हाररास में चल रहे ईवीएम जागरूकता शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ईवीएम मशीनों के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार की और अधिक आवश्यकता है, क्योंकि इस बार एक ही मशीन में महापौर अध्यक्ष और पार्षद के लिए मतदाता को दो बार वोट देना होगा। उन्होंने मतदाताओं को ईवीएम मशीन के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्रदान कर जागरूक करने कहा। उन्होंने अधिकारियों को आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और आचार संहिता उल्लंघन के प्रकरण को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वोटिंग की जानकारी लेने पहुँचे मतदाताओं से चर्चा की। उन्होंने लोगों को समझाते हुए कहा कि इस बार आपको पार्षद और महापौर/अध्यक्ष पदों के लिए चुनाव करना है। ईवीएम मशीन में दो बार बटन दबाना है जिससे दोनों बार बीप की आवाज आएगी। इसके साथ ही आपकी मतदान करने की प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी। आप सभी अपने मताधिकार का प्रयोग बुद्धिमानी से और सोच समझकर करें।

निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे निर्वाचन तैयारी की सराहना की एवं नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन सुचारू एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करने आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह, आईजी बस्तर पी सुंदरराज, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, जिला सीईओ नम्रता जैन, अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर,संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप एवं निर्वाचन से सम्बंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# आम नागरिकों को वार्डों में मिल रही है ईवीएम संचालन की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशानुसार शहर के वार्डो में नगरीय निकाय निर्वाचन में ईवीएम के संचालन के संबंध में आमनागरिको को जागरूक किया जा रहा है। 3 और 4 फरवरी नगर पालिक निगम कोरबा अन्तर्गत कुल 18 वार्डों में प्रातः 10.30 बजे से 5 बजे तक आम नागरिकों को महापौर तथा वार्ड पार्षद के पदों पर वोट डालने की प्रक्रिया को बताया गया।



आम नागरिकों को बताया गया कि उन्हें महापौर के लिये मतदान करने के पश्चात पार्षद पद के प्रत्याशी के लिये भी मतदान करना होगा। मतदाताओं को बताया जा रहा है कि मतदान केन्द्र में दो बैलेट यूनिट लगाई जायेगी।

बैलेट यूनिट में सफेद रंग में महापौर पद और गुलाबी रंग में पार्षद पद के प्रत्याशियों का नाम, फोटो और चुनाव चिन्ह चस्पा होगा। बैलेट यूनिट में अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देने के पश्चात वीप की आवाज आयेगी और लाल लाईट भी जलेगी। मतदाताओं को इएनडी बटन, नोटा के बारे में भी विस्तार से बताया जा रहा है। वार्ड में लगने वाले शिविर में आम नागरिकों की शंकाओं / जिज्ञासाओं का निराकरण किया जा रहा है।

बीते दो दिवस में नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड 34 दादरखुर्द के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय दादरखुर्द, वार्ड क्रमांक 32 पोड़ीबहार के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय पोड़ीबहार, वार्ड क्रमांक 28 एसईसीएल कालोनी क्र. 1 के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय एनसीडीसी कोरबा, वार्ड क्रमांक 30 एसईसीएल कालोनी 2 के शासकीय हाईस्कूल जे.पी.कालोनी, वार्ड क्रमांक 11 सीतामणी के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय सीतामढ़ी, वार्ड क्रमांक 1 रामसागर पारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा (टीडब्ल्यूडी), वार्ड क्रमांक 15 परिवहन नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कन्या साडा कोरबा, विद्यालय आदर्शनगर कुसमुंडा में ईवीएम का प्रदर्शन कर मतदाताओं को ईवीएम मशीन से मतदान करने के संबंध में जानकारी दी गई।

---

# मुख्यमंत्री साय ने पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा को सेवानिवृत्ति पर दी शुभकामनाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मंत्रालय में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सेवानिवृत्ति के अवसर पर श्री जुनेजा को शुभकामनाएं दीं और उनकी दीर्घकालिक सेवा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि श्री अशोक जुनेजा ने अपनी दीर्घ सेवाअवधि के दौरान पुलिस बल को अधिक सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमित गुप्ता और मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत उपस्थित थे।



---

# नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में लापरवाही बरतने वालों पर होगी शख्त कार्यवाही-कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने आज मंगलवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, एडीएम अनिल वाजपेयी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव के सुचारू आयोजन के लिए प्रशिक्षण, कमिशनिंग और रेंडमाईज़ेशन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव से संबंधित सभी आवश्यक प्रशिक्षण समय पर पूरा किया जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। कमिशनिंग के तहत मतदान सामग्री की तैयारी और ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की जांच की प्रक्रिया पर जोर दिया गया, ताकि सभी मशीनें पूरी तरह कार्यशील हों और चुनाव के दिन उपयोग के लिए तैयार हों। रेंडमाइजेशन के तहत मतदान केंद्रों और मतदान कर्मियों का चयन निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से करने पर भी चर्चा की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का भेदभाव या पक्षपात न हो। इसके लिए सॉफ्टवेयर आधारित रेंडमाइजेशन प्रणाली का उपयोग करने पर जोर दिया गया, ताकि सभी कर्मियों का आवंटन निष्पक्षता के साथ हो सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करें, जिससे चुनाव प्रक्रिया में कोई दिक्कत न हो। सभी संबंधित अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन की कोई भी घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करना होगा।



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बैठक के दौरान केंद्रीय विद्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों से निर्माण कार्य को गति देने और गुणवत्तापूर्ण ढंग से इसे समय पर पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को जल्द से जल्द शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

उन्होंने आगामी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजी पीएससी) की परीक्षा के संबंध में आवश्यक तैयारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित की जाएं। परीक्षा केंद्रों पर विधिवत प्रबंध, सुरक्षा, और सभी सुविधाओं की उपलब्धता के लिए कलेक्टर ने विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए।

---

# धमतरी बन रहा रोल मॉडल : धान के बदले दलहन-तिलहन ने बदली सोच

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में गर्मी के धान के बदले चना, सरसों, मूंग, अलसी, तोरिया, सूर्यमुखी जैसी दलहन-तिलहन फसलों की खेती ने किसानों की परम्परागत सोच में भारी बदलाव किया है। धान छोड़कर दलहन-तिलहन की खेती के फायदों को किसान अब अच्छी तरह से समझने लगे हैं। धमतरी फसल चक्र परिवर्तन से जल संरक्षण के रोल मॉडल के रूप में प्रदेश ही नहीं, देश में भी स्थापित हो रहा है। पिछले एक वर्ष में धमतरी जिले में गर्मी के धान के रकबे में एक साथ छः हजार 200 हेक्टेयर से अधिक की कमी आई है।

धान की खेती में आई इस कमी से किसानों को पानी, बिजली, खाद, दवाई और मजदूरी मिलाकर खेती की लागत कम होने से लगभग दो हजार 641 करोड़ रूपये का फायदा कृषि विशेषज्ञों ने अनुमानित किया है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि इस अभियान से किसानों को प्रत्यक्ष रूप से तत्काल कोई बड़ा आर्थिक लाभ भौतिक रूप से दिखाई तो नहीं देगा, परन्तु पानी बचाकर, जीवन बचाने के इस अभियान के परिणाम दूरगामी होंगे। किसानों को हुआ लाभ अनुमानित लागत और गणना पर आधारित है। इस हिसाब से अभियान के आगे बढ़ने के साथ-साथ इससे होने वाले बहुगामी फायदे भी स्वतः ही सामने आएंगे। कृषि विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि भले ही भौतिक रूप से पैसा किसानों के हाथ में ना आया हो, लेकिन एक सोच से इतनी बड़ी राशि का एक फसल अवधि में ही फायदा, किसानों की सोच बदलने का मुख्य कारण बन रहा है।



पिछले वर्ष जिले में गर्मी में 30 हजार 339 हेक्टेयर रकबे में धान की खेती गई थी, जो कि इस वर्ष प्रशासन के प्रयास और किसानों की सहभागिता से 24 हजार 056 हेक्टेयर रह गया। कृषि विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया है कि ग्रीष्मकालीन धान के रकबे में छः हजार 283 हेक्टयेर की कमी ने जिले के किसानों को दो हजार 641 करोड़ रूपये का फायदा पहुंचाया है। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि एक हेक्टेयर, याने लगभग ढाई एकड़ रकबे में लगी धान की फसल के उत्पादन में एक करोड़ 20 लाख लीटर पानी की जरूरत पड़ती है। वहीं इतने ही रकबे में लगी दलहन-तिलहन की फसल को आधे से कम 40 लाख लीटर पानी की जरूरत होती है। इसमें भी धान 120 दिन में पकता है, तो दलहन-तिलहन 40 दिन पहले 80 दिन में ही उत्पादन दे देते हैं। कृषि विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया है कि धान के रकबे में 6 हजार 283 हेक्टेयर की कमी ने जिले में 7 हजार 539 करोड़ लीटर पानी बचाया है।

### किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा धमतरी मॉडल

किसानों को एक फसल अवधि में बड़ा फायदा पहुंचाने, खेती को लाभ के व्यवसाय के रूप में स्थापित करने के साथ-साथ जल संरक्षण और भूजल स्तर बढ़ाने में धमतरी मॉडल अब तेजी से जिले के अन्य किसानों के बीच भी लोकप्रिय होता जा रहा है। जिले में 494 गांवों में इसका सीधा असर देखने मिल रहा है। जहां किसानों ने गर्मी में धान की फसल को छोड़कर फसल चक्र परिवर्तन के तहत दलहनी-तिलहनी फसलों की खेती को प्राथमिकता दी है। धमतरी विकासखण्ड के 87 गांवों में एक हजार 440 हेक्टेयर रकबे में, कुरूद विकासखण्ड के 135 गांवों में दो हजार 113 हेक्टेयर रकबे में, मगरलोड विकासखण्ड के 116 गांवों में दो हजार 531 हेक्टेयर रकबे में और नगरी विकासखण्ड के 156 गांवों में 199 हेक्टेयर रकबे में गर्मी के धान की जगह दलहन-तिलहन फसलें लगाई गईं हैं। परसतराई गांव की किसान देवी साहू को जल संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार से भी नवाजा गया है। साहू ने बताया कि धान की फसल को छोड़कर दलहन-तिलहन की फसलें लगाने से पानी की बचत तो हुई ही है, गांव का वाटर लेबल जो पहले लगभग दो सौ फीट नीचे तक पहुंच गया था।

यदि खेतों में सिंचाई के लिए पानी की कीमत 25 पैसे प्रति लीटर भी मानी जाए, तो किसानों के लगभग एक लाख 8 हजार 885 करोड़ रूपये केवल धान की जगह दलहन-तिलहन की फसल लगाने से ही बच गए हैं। इस पर कृषि विशेषज्ञों ने यह भी अनुमान लगाया है कि यदि भूमि से एक लीटर पानी सतह तक निकालने में 0.02 यूनिट बिजली की खपत होती हो, तो लगभग 151 करोड़ यूनिट बिजली की भी बचत हुई है, जिसकी दर यदि औसत 5 रूपये प्रति यूनिट भी लगाई जाए, तो इससे 754 करोड़ रूपये बचे हैं। धान की खेती में मजदूरी और खाद, दवाई आदि का खर्च भी दलहन-तिलहन की फसलों से लगभग दोगुना है। इस आधार पर भी कृषि विशेषज्ञ बताते हैं कि जिले में ग्रीष्मकालीन धान के बदले 6 हजार 283 हेक्टेयर रकबे में लगी दलहन-तिलहन की फसलों की काश्त लागत में कमी से भी किसानों ने लगभग तीन करोड़ रूपये की बचत कर ली है।

ऐसा नहीं कि धमतरी जिले में गर्मी के धान की फसल नहीं लेने के फैसले को किसानों पर दबावपूर्वक थोपा गया हो। सकारात्मक सोच के साथ सटीक योजना बनाकर सबसे पहले किसानों को गर्मी में धान की फसल लेने से होने वाले नुकसान को बताया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों, प्रशासन के आला अफसरों ने गांव-गांव जाकर सभाएं कीं और किसानों को गर्मी में धान की फसल लेने से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। इस पर प्रकृति ने भी प्रशासन का साथ दिया और दो वर्ष पहले जिले में गर्मी के मौसम के अंतिम चरण में पानी की भारी किल्लत के कारण लगी धान की फसल खराब होने की घटना ने भी किसानों की आंखें खोल दी। इस अभियान के लिए जिले में लगभग 28 हजार किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की गई। गांवों में 265 विशेष शिविरों में कृषि विशेषज्ञों, विभागीय अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों सहित कृषि और आजीविका महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और जल संरक्षण अभियान से जुड़ीं प्रेरणादायी हस्तियों ने किसानों को इस अभियान का महत्व समझाया।

जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित परसतराई गांव के सरपंच परमानंद आडिल ने बताया कि दो साल पहले गांव में लगी गर्मी की धान की फसल अपने अंतिम चरण में पानी की कमी के कारण सिंचाई नहीं होने से खराब हो गई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950